


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-304 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 18 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## राष्ट्रपति मुर्मू ने मनु, गुकेश, हरमनप्रीत और प्रवीण को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित



नई दिल्ली, (आरएनएस)। विश्व शतरंज चैंपियन गुकेश डी और पेरिस ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेता - मनु भाकर (निशानेबाजी), हरमनप्रीत सिंह (हॉकी) और प्रवीण कुमार (पैरा-एथलीट) को शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में विशेष रूप से आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर साल खेलों में उत्कृष्टता को मान्यता देने और पुरस्कृत करने के लिए दिए जाते हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार और सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।सिंगापुर में खिताबी मुकाबले में चीन के डिंग लिरेन को पछाड़कर गुकेश सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बन गए। मनु 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोहरे कांस्य पदक जीतकर पेरिस में आयोजित ओलंपिक खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं।

दूसरी ओर, हरमनप्रीत ने भारत को पुरुष हॉकी में लगातार दूसरा ओलंपिक कांस्य पदक दिलाया, जबकि प्रवीण ने पैरालंपिक में ऊंची कूद टी64 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

अर्जुन पुरस्कार प्राप्त करने वाले बत्तीस एथलीटों में 17 पैरा-एथलीट शामिल हैं। सूची में ज्योति याराजी, अन्नू रानी, नीटू, स्वीटी, वंतिका अग्रवाल, सलीमा टेटे, अभिषेक, संजय, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, राकेश कुमार, प्रीति पाल, जीवनजी दीप्ति, अजीत सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी, धरमबीर, प्रणव सूरमा, एच होकाटो सेमा, सिमरन, नवदीप, नितेश कुमार, थुलासिमथी मुरुगेसन, निथ्या सुमति सिवान, मनीषा रामदास, कपिल परमार, मोना अग्रवाल, रूबीना फ्रांसिस, स्वप्निल सुरेश कुसले, सरबजोत सिंह, अभय सिंह, साजन प्रकाश और अमन शामिल हैं।अर्जुन पुरस्कार पिछले चार वर्षों की अवधि में खेल और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल कौशल और अनुशासन की भावना के गुण दिखाने के लिए दिया जाता है।पूर्व साइकिल चालक सुच्चा सिंह और पूर्व पैरा-तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) दिया गया। यह पुरस्कार उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने और प्रेरित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेलों में योगदान दिया है और सक्रिय खेल करियर से संन्यास लेने के बाद भी खेलों को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखा है। मुरलीकांत राजाराम पेटकर ने 1972 में जर्मनी के हीडलबर्ग में पैरालंपिक खेलों में इतिहास रच दिया था, जब उन्होंने पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल 3 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के लिए विश्व रिकॉर्ड में दो बार सुधार किया था।

## समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं : रक्षा मंत्री

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि समय के साथ-साथ हमारी सेनाओं की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि दुनिया भर में रक्षा-सुरक्षा का



माहौल लगातार तनावपूर्ण होता जा रहा हैद्ध लगभग आधा दशक बीत जाने के बाद, हम यह कह सकते हैं कि यह एक प्रकार से परिवर्तनशील दशक रहा है। दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में कई संघर्ष और युद्ध देखने को मिल रहे हैं।रक्षा मंत्री ने यहां नौसेना नागरिक वर्ष समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपनी महत्वपूर्ण क्षमता को बढ़ाना होगा और आने वाले समय में अपने आक्रामक और रक्षात्मक दोनों ही प्रतिक्रियाओं को मजबूत करने की ओर ध्यान देना होगा। मुझे लगता है कि इन सबमें योजना का बहुत महत्व है और इस नियोजन प्रक्रिया में एक परामर्शात्मक दृष्टिकोण भी होना चाहिए, जिसमें हम सभी हितधारकों से सलाह-मशविरा करें।

### प्रदेश के 15 लाख 63 हजार हितग्राही होंगे लाभान्वित

## प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वामित्व योजना में वितरित करेंगे सम्पत्ति कार्ड

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिवनी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में होंगे शामिल



भोपाल (ए.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जनवरी को मध्यप्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के तहत ई-वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित करेंगे। साथ ही योजना के लाभार्थी कार्ड-धारकों के साथ वर्चुअल संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम होगा, जिसमें केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्रीगण, सांसद और विधायक सहभागिता करेंगे। प्रदेश में स्वामित्व योजना में 88 प्रतिशत कार्य पूर्ण स्वामित्व योजना प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी भूमि पर (25 सितम्बर, 2018 के पूर्व) निवासरत व्यक्तियों को अधिकार अभिलेख प्रदान करने की योजना है। इसका प्रारंभ 7 जुलाई, 2020 को किया गया। योजना अंतर्गत प्राप्त अधिकार अभिलेखों का प्रयोग हितग्राहियों द्वारा बैंक से ऋण, सम्पति को बंधक रखने तथा सम्पति को विक्रय करने में किया जा सकता है। प्रदेश में कुल आबादी क्षेत्रों में सर्वेक्षित निजी सम्पतियों की संख्या लगभग 45.60 लाख अनुमानित है। इसमें से लगभग 39.63 लाख निजी सम्पतियों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत है। अभी तक अधिकार अभिलेख वितरण के कार्यक्रम में 24 लाख निजी अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 18 जनवरी को 15.63 लाख से अधिक हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख (ई-सम्पत्ति कार्ड) वितरित किये जायेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा। जिलों में प्रतिभागियों के लिये प्रशिक्षण-सह-अभिविन्यास सत्र होगा, जिसमें स्वामित्व योजना और मेरी पंचायत ऐप का उपयोग, पंचायत राज संस्थाओं से संबंधित विषय शामिल होंगे।

## विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह नर्मदापुरम में होगा सम्पन्न

### विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह की बैठक सम्पन्न







भोपाल (संदीप पंडा) । आज दिनांक 17 जनवरी 2025 को 22 विचित्र विला प्रोफेसर कॉलोनी भोपाल में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बैठक की शुरूआत स्वर्गीय विचित्र कुमार सिन्हा जी एवं स्वर्गीय श्रीमती शिवरानी देवी जी के फोटो पर माल्यार्पण करके एवं दीपप्रज्जवलन करके किया गया । बैठक में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह समिति के सचिव श्री के.के.सक्सेना जी ने निरंतर 29 वर्षों से भोपाल में होने वाले समारोह का आयोजन नर्मदापुरम में किये जाने एवं नर्मदापुरम में उक्त समारोह की एक अलग से समिति बनाने का प्रस्ताव रखा। उक्त प्रस्ताव का समर्थन



करते हुए विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समिति समारोह भोपाल के अध्यक्ष एडवोकेट श्री साजिद अली एवं समिति के अन्य सदस्यों ने समर्थन किया। साथ ही उक्त समारोह को 14 फरवरी 2025 को नर्मदापुरम में भव्यता के साथ कराने हेतु सहमति प्रकट की। उक्त बैठक में विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह के अध्यक्ष एडवोकेट श्री साजिद अली, सचिव श्री के.के. सक्सेना, श्री महेश सक्सेना, श्री ललित जैन, श्री जी.के. छिब्बर, श्री आई.बी.शास्त्री, श्वेता पंड्या, श्री राजकुमार वर्मा, श्री उमेश राव घोलप, श्री राकेश श्रीवास्तव, श्री अशोक कुमार सोनी, दैनिक क्षितिज किरण के निर्देशक श्री विलक्षण सक्सेना,श्री वात्सल्य जैन, श्री राजेश मोहनियां, श्री निर्भय मीणा, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट से पीएफआई के पूर्व अध्यक्ष अबूबकर को झटका, जमानत देने से किया इनकार

नई दिल्ली,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व अध्यक्ष ई. अबूबकर को आतंकवाद विरोधी कानून (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में मेडिकल आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया।

अबूबकर के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की खंडपीठ ने मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद कहा कि इस समय अबू बकर को जमानत नहीं दी जा सकती।साथ ही खंडपीठ ने अबू बकर के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें वैकल्पिक तौर पर उन्हें घर पर नजरबंद करने का अनुरोध किया गया था।

## तिरुपति बालाजी के दर्शन करने जा रहे तीर्थयात्रियों की बस पलटी, चार की मौत; 25 से अधिक घायल

चित्तूर (आरएनएस)। त्रिची से 40 तीर्थयात्रियों को लेकर तिरुपति जा रही एक निजी ट्रैवल्स बस चित्तूर जिले के गंगासागरम के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए।तीर्थयात्री मंदिर में पूजा करने के बाद तिरुपति से लौट रहे थे। दुर्घटना देर रात करीब 2 बजे हुई, जब बस ने सड़क के किनारे खड़ी डंपर लॉरी को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन उससे टकरा गई और पलट गई। हादसे के वक्त ज्यादातर बस सवार गहरी नींद में थे। कुछ देर तक समझ में नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है। चीख-पुकार मच गई। इसके बाद कुछ लोगों ने किसी तरह इमरजेंसी डोर से निकलकर साथी सवारों की मदद की। वहां से गुजर रहे कुछ लोग भी मदद को आगे आए।सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल की टीम मौके पर पहुंची और आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 17 नक्सलियों को किया ढेर, हथियार बरामद

बीजापुर,(ए)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में संयुक्त टीम, कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ की सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 17 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। हालांकि, अधिकारियों द्वारा इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है। इस मुठभेड़ में बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं, जिनमें एसएलआर और अन्य खतरनाक हथियार मिले। यह मुठभेड़ बीजापुर के पुजारी कांकेर, मारुरबाका और तेलंगाना सीमा से सटे इलाकों में हुई।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब नौ बजे डीआरजी बीजापुर, दंतेवाड़ा, सुकमा की



टीम और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। सुरक्षाबलों ने माओवादियों के बड़े कैडरों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया था। बीजापुर जिले में गुरुवार को ही नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी के विस्फोट में सीआरपीएफ की कोबरा इकाई के दो कमांडो घायल हो गए। यह घटना बासागुड़ा थाना क्षेत्र में तड़के उस समय हुई जब सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम अभियान पर निकली थी।

### तीसरी आंख





## पुणे-नासिक हाईवे पर मिनी वैन खड़ी बस से टकराई, 9 लोगों की मौत

पुणे,(आरएनएस)। पुणे-नासिक हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार मिनी वैन सड़क के किनारे खड़ी एक बस से टकरा गई। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई।





पुलिस के अनुसार, यह हादसा सुबह करीब 10 बजे पुणे-नासिक हाईवे पर नारायणगांव के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिनी वैन नारायणगांव की तरफ जा रही थी, तभी पीछे से एक टेंपो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वैन का रास्ता बदल गया और वह बस से जा टकराई। इस हादसे में वैन में सवार नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन आगे से पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में मिनी वैन में सवार सभी नौ यात्रियों की मौत हो गई है। हादसे की फिलहाल जांच की जा रही है। इस मामले में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है।बता दें कि बीते गुरुवार को मुंबई दहिसर टोल नाके पर एक कार डंपर से टकरा गई थी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वहीं, एक यात्री को सुरक्षित बचाया गया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार में आग लग गई थी और वह जलकर राख हो गई थी।

## नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला ने किया पदभार ग्रहण, हुआ जोरदार स्वागत


### सभी कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए प्रीति शुक्ला ने कहा जिले को संगठनात्मक रूप से प्रदेश में बनाएंगे अव्वल

नर्मदापुरम (निप्र)। जिले की नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति पवन शुक्ला ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। पार्टी जिला कार्यालय में उनका कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिले के जनप्रतिनिधियो एवं पदाधिकारियों के साथ.साथ जिले भर से आये कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं तथा अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। शुभकामनाएं देते हुए तथा उनके आगामी कार्यकाल के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष को हर तरह के सहयोग के लिए उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि आपको मैं कई बरसों से जानता हूं और आप एक संगठन की निष्ठावान कार्यकर्ता है और निश्चित ही आपका कार्यकाल पार्टी संगठन के





लिए नए आयाम स्थापित करेगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जिला प्रभारी सीमा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि नर्मदापुरम जिले की प्रथम मातृशक्ति को जिला अध्यक्ष बनाया गया यह मेरा सौभाग्य है निश्चित ही अब संगठन में महिलाओं की जवाबदारी और बढ़ जाती है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने मुझे जो सहयोग दिया जिसके कारण जिला प्रदेश और देश में हमारी सरकार बनी है और संगठन को निरंतर आगे बढ़ाने में काम किया है। निश्चित रूप से ऐसा ही सहयोग आप सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को भी अपना सहयोग पूर्ण प्रदान करेंगे। जिला मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि इस अवसर पर राजो मालवीय, संतोष पारीक, हरिशंकर जयसवाल, भारत सिंह राजपूत, राजेंद्र हरदेनिया, प्रसन्न हर्णे, नारायण खंडेलवाल सुधीर पटेल पंकज चौरे नीतू महेंद्र यादव नीना नागपाल संतोष परते, भूपेंद्र चौकसे, मंचासिन रहे। साथ ही जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी सदस्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।





# केन्द्रीय मंत्री श्री शाह ने म.प्र. में लागू ई-समन प्रणाली की सराहना की

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव दिल्ली में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा में हुए शामिल

## मुख्यमंत्री प्रतिमाह करेंगे प्रदेश में नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कार्यालय में मध्यप्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित प्रावधानों के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि ई-समन प्रणाली लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। इस नई व्यवस्था के लिए केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने प्रदेश की सराहना की और अन्य राज्यों को इसका अनुसरण करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आगामी दो




वर्षों में पुलिस बल में फॉरेंसिक साइंस के विशेषज्ञों की भर्ती और ट्रेनिंग का काम चरणबद्ध रूप से पूरा किये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में नए कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत आधुनिक संसाधनों के प्रयोग से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के आधार पर प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है। इसके द्वारा न्याय प्रक्रिया आसान हुई है, पुलिस का समय बच रहा है और चिकित्सकों की असुविधा कम हुई है। एक ओर जहां जेल से बंदियों को लाने-ले-जाने में पुलिस बल की असुविधा कम हो रही है, वहीं दूसरी ओर जनता को कम समय में न्याय मिल रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह को बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रतिमाह और मुख्य सचिव प्रत्येक 15 दिन में नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करेंगे।बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन और पुलिस महनिदेशक कैलाश मकवाना सहित राज्य और केंद्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल को लोक सेवा आयोग का 67वां वार्षिक प्रतिवेदन भेंट किया

## आयोग के पदाधिकारियों ने राजभवन में की सौजन्य भेंट



भोपाल,(आरएनएस)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के पदाधिकारियों ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेशलाल मेहरा ने आयोग का 67वां वार्षिक प्रतिवेदन भेंट किया। इस अवसर पर सदस्य डॉ. कृष्णकांत शर्मा और डॉ. नरेन्द्र कुमार कोष्टी एवं सचिव प्रबल सिपाहा मौजूद थे। राज्यपाल श्री पटेल को आयोग अध्यक्ष डॉ. मेहरा ने बताया कि आयोग द्वारा वर्ष 2023-24 में राज्य शासन के विभिन्न विभागों के पदों की पूर्ति के लिए 70 विज्ञाप्ति जारी की गई है। इस अवधि में 21 परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 13 हजार 833 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया। वर्ष 2023-24 में 3 हजार 114 और वर्ष 2024-25 में 1 हजार 829 अभ्यर्थियों का चयन कर 4 हजार 943 पदों के चयन की अनुशंसा शासन को भेजी गई। उन्होंने आयोग द्वारा किए गए राज्य पात्रता परीक्षा के आयोजन, मूल्यांकन प्रक्रियाओं मे किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया।

# महाकुंभ भेजे जाएंगे शहर में तैयार हो रहे सात अमृत कलश

भोपाल,(आरएनएस)। सेवा संकल्प युवा संगठन की ओर से प्रयागराज महाकुंभ के लिए भोपाल से प्रयागराज महाकुंभ के लिए भोपाल से सात अमृत कलश तैयार किए जा रहे हैं, जो प्रयागराज महाकुंभ में शामिल अखाड़ों को भेंट किए जाएंगे। इसकी तैयारी अंतिम दौर में है। संगठन के अध्यक्ष प्रकाश मालवीय ने बताया कि यह अमृत कलश संगठन के युवाओं ने स्वयं तैयार किए हैं, इसमें स्टील के कलश पात्र, पर जारी और कुंदन का काम किया गया है। इस पर भगवा रंग की लेस लगाई जाएगी। इससे पहले कलाश का अभिषेक किया गया, बाद में इसमें गोशाला तथा तीर्थ स्थल को मिट्टी, गंगाजल, पंचरत्न, दूर्वा, सुपारी, हल्दी, अनाज, आम का पत्ते ओर श्रीफल रखा जाएगा। फिर इनका पूजन दो दिवस के लिए मंदिर में रखा जाएगा। यह अमृत कलश प्रयागराज महाकुंभ में सन्यासियों के चार अखाड़ों को, बैरागियों के दो अखाड़ों को और एक उदासीन अखाड़ों के मुखिया, आचार्य, महामंडलेश्वरों को संगठन के युवाओं द्वारा भोपाल की ओर दिए जाएंगे। इसमें जूना अखाड़ा, निरंजनी अखाड़ा, सहनिर्वाणी अखाड़ा, दिगंबर अखाड़ा, निर्मोही अखाड़ा, निर्वाणी अखाड़ा, पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़ा शाामिल है।

# भाजपा जिला अध्यक्षों की नई लिस्ट जारी, धार, खरगोन, सतना समेत इन जिलों में हुई नियुक्ति

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में आज लगातार पांचवें दिन जिला अध्यक्षों की नियुक्ति का सिलसिला जारी रहा। आज फिर 9 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जिले सीहोर में नरेश मेवाड़ा को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। धार जिले में दो अध्यक्ष बनाए गए हैं। धार नगर में निलेश भारती, धार ग्रामीण में चंचल पाटीदार को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा सतना में भगवती प्रसाद पांडे, खरगोन में नंदा ब्रह्माणे, पांढुर्णा में संदीप मोहोड, शहडोल में अमिता चपरा और राजगढ़ में ज्ञान सिंह गुर्जर तो वहीं ग्वालियर ग्रामीण में प्रेम सिंह राजपूत को जिले की कमान सौंपी गई है। भाजपा इससे पहले चार बार में 47 जिला अध्यक्षों के नाम जारी कर चुकी है। बता दें कि भाजपा 62 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों की घोषणा कर रही है।

# सेना की मैराथन रविवार को, परिवर्तित रहेंगे कई मार्ग

भोपाल,(आरएनएस)। रविवार को योद्धास्थल द्रोणांचल, एयरपोर्ट रोड मिलिट्री स्टेशन में आर्मी मैराथन-2023 का आयोजन प्रस्तावित है। इसके लिए मैराथन मार्ग के आसपास के कई मार्ग परिवर्तित रहेंगे। मैराथन में शामिल होने वाले धावकों के वाहनों के लिए पार्किंग का अलग-अलग स्थानों पर इंतजाम किया गया है। दौड़ सुबह छह बजे योद्धा स्थल से शुरु होगी। जो मेन गेट से सिंगार चोली, लालघाटी चौराहा, वीआईपी रोड, रेत घाट, पालिटेक्निक चौराहा, बाणगंगा चौराहा, रोशनपुरा चौराहा, अपेक्स बैं तिराहा, प्लेटिनम प्लाजा, अटल पथ से इसी मार्ग पर यू-टर्न होकर योद्धा स्थल पर समाप्त होगी।

# जहां कार नदी में गिरी, वहां न तो चेतावनी बोर्ड लगा है न सुरक्षा के लए बेरिकेटिंग

भोपाल, (आरएनएस)। कोलार सिक्सलन पर मदर टेरेसा स्कूल के आगे इनयातपुरा गांव के पास गत रात करीब 11:30 बजे एक कार सडक़ से करीब 25 फीट नीचे नदी में गिर गई। इस हादसे में कार सवार दो युवकों पलाश गायकवाड़ (25) और विनीत दाक्षा (22) की मौत हो गई, जबकि 24 वर्षीय पीयूष गजभिए को गंभीर चोटें आई हैं। जिस जगह हादसा हुआ वहां सडक़, नदी क किनारे तक आकर खत्म हो गई है। यहां से करीब 25 फीट की गहराई पर नदी बहती है। यह सडक़ नदी पर प्रस्तावित तीसरे पुल को जोड़ेगी। जहां सडक़ खत्म हुई है, वहां सुरक्षा की दृष्टि से मजबूत बेरिकेटिंग की जानी थी। साथ ही सडक़ किनारे बड़े अक्षरों में चेतावनी बार्ड लगाए जाने थे, लेकिन न तो बेरिकेटिंग की गई और न ही चेतावनी बोर्ड लगाए गए। इसक बदले वहां कुछ टीन की चादरें ओर पेड़ों की डाल रखकर रास्ता बंद कर दिया गया था। इससे रात में तेज गति से आने वालों को समझ ही नहीं आता कि आगे खाई है। शायद इसी वजह से तेज रफ्तार कार नदी में गिर गई। दरअसल, कोलार गेस्ट हाउस से गोलजोड़ तक सिक्सलेन का काम लगभग पूरा हो चुका है। पीडब्ल्यूडी की इस सडक़ का काम बंसल कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में नदी पर दो पुल हैं एक जाने ओर दूसरा आने के लिए। तीसरा पुल प्रस्तावित है।

### गृह निर्माण समितियों की निगरानी में कसावट

भोपाल (आरएनएस)। जिला प्रशासन द्वारा गृह निर्माण समितियों की अत्याधुनिक तरीके से निगरानी की जाएगी। इसके लिए एक सिस्टम तैयार किया जा रहा है, जिससे समितियों की कार्यप्रणाली में कसावट आएगी और प्रशासकों का काम अपडेट रहेगा। साथ ही हर निर्णय व स्थिति से उच्चाधिकारी अवगत रहेंगे। दरअसल, जिले की 500 गृह निर्माण समितियों में से प्रशासक नियुक्त हैं। य इन समितियों के कामकाज को संचालित करते हैं।

# 5 जातियों को पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित करने के लिए हुई जनसुनवाई

## राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष श्री अहीर की अध्यक्षता में हुई जन सुनवाई

## पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधियों ने जन सुनवाई में शिरकत की



भोपाल (आरएनएस)। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश राज्य की पिछड़ा वर्ग सूची में सम्मिलित 05 जातियों को केंद्रीय सूची में सम्मिलित करने के लिए जनसुनवाई की। इसमें कलार (जायसवाल), कुड़मी, दमामी, फूलमाली (फूलमारी) एवं लोढ़ा (तंवर) वर्ग के जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) हंसराज गंगाराम अहीर ने श्यामला हिल्स स्थित मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता की। इसमें पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सलाहकार राजेश यादव, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल और भारत सरकार के राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अवर सचिव योगेश ढींगरा भी शामिल हुए।

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर जाति को उसका हक दिलाने के लिए आयोग कार्यरत है। उन्होंने विभाग से त्रुटियों में सुधार करने को लेकर निर्देशित किया है। आयोग अध्यक्ष श्री अहीर ने एक माह में पुन: रिव्यू करने की बात कही। जन सुनवाई में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों समेत कार्यक्रम में पहुंचे अधिकारियों और संबंधित जातियों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट की कमियों को जल्द से जल्द पूरा कर सर्वे रिपोर्ट राष्ट्रीय आयोग को भेजी जाएगी। संबंधित जातियों की समस्याओं को सुन जल्द समाधान करने का भी उन्होंने आश्वासन दिया।मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने भी राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किसानों को 48 घंटे में उपज के भुगतान का उप्र माडल अपनाएगा प्रदेश

भोपाल,(आरएनएस)। राज्य में उपज के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी सरकार देती है। इसके लिए प्रतिवर्ष गेहूं, धान सहित अन्य उपज खरीदी जाती है। किसानों का उपज का भुगतान समय पर हो, इसके लिए मध्य प्रदेश में आनलाइन व्यवस्था तो बनाई गई है पर इसमें भी विलंब हो जाता है। इससे किसानों को होने वाली परेशानी को देखते हुए अब मध्य प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश का मॉडल अपनान जा रही है। यहां 48 घंटे में भुगतान की व्यवस्था बनाई गई है। इस माडल को आगामी गेहूं क उपार्जन से लागू किया जा सकता है। इसके लिए खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का एक दल उत्तर प्रदेश पहुंच चुका है और दूसरा आज-कल में रवाना होगा। मध्यप्रदेश में बीते वर्ष छह लाख 16 हजार किसानों से 48 लाख टन गेहूं का उपार्जन किया गया था। इसी तरह इस वर्ष अभी तक पांच लाख 61 हजार 627 किसानों से 36 लाख 50 हजार 736 टन धान खरीदा जा चुका है। किसानो को भुगतान उनके आधार से लिंक खाते पर किया जाता है। इसके लिए राष्ट्रीय सूचना केंद्र के सहयोग से जस्ट इन पोर्टल से भुगतान की व्यवस्था की गई है।

### डायल-100 में अब लोगों को जल्द मिलेगी सहायता

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में लोगों को पुलिस सहायता जल्द उपलब्ध हो, इसके लिए डायल-100 सेवा में काल अग्रषित (डिस्पैच) करने वालों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वे अभी 24 है जिसे बढ़ाकर 40 किया जाएगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के माध्यम से आटो डिस्पैच तकनीक को लागू किया जाएगा, जिससे डायल-100 वाहन रवाना करने में तेजी आएगी। काल सेंटर की अधिकतम क्षमता अभी 40 सीट की है जिसे 100 किया जाएगा। वाहनों की संख्या भी एक हजार से बढ़ाकर चरणबद्ध तरीके स दो हजार तक की जाएगी। संचालन करने वाली नई कंपनी के आने के बाद ये सुविधाएं बढ़ेगी। पुलिस मुख्यालय के अधिकारियों ने बताया कि विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा जो डायल-100 वाहन, काल सेंटर और अन्य संसाधनों की विशष्टित तैयार करेगी।

### नकल रोकने आरजीपीवी अब एआइ के माध्यम से कराएगा आनलाइन परीक्षाएं

भोपाल,(आरएनएस)। राजीव गांधी प्रौद्यौगिकी विवि (आरजीपीवी) अपनी परीक्षाएं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के माध्यम से आनलाइन कराने की तैयारी कर रहा है। परीक्षाओं में नकल पर रोक लगाने यह कवायद की जा रही है। इसके लिए विवि एवं विशेष साफ्टवयर भी तैयार कर रहा है। इसमें निगरानी की ऐसी व्यवस्था है कि अगर कोई विद्यार्थी परीक्षा के दौरान असमान्य रूप से अधिक हिलता-डुलता भी है तो एआइ उसे कैप्चर कर लेगा। इसके लिए वर्तमान केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा कराने की व्यवस्था की जाएगी। विद्यार्थी केंद्र पर डेस्कटाप व लैपटाप के माध्यम से परीक्षा देंगे। इसके लिए विद्यार्थियों को लागइन-पासवर्ड भी दिए जाएंगे। प्रश्नपत्र सिस्टम पर ही अपलोड होंगे।

# ओवरनाइट एक्सप्रेस से महिला का लाखों के सामान से भरा बैग चोरी

### कई अन्य मुसाफिर भी बने जेबकटो का शिकार

भोपाल(ए)। ओवर नाईट एक्सप्रेस में पति के साथ जबलपुर से इंदौर का सफर कर रही पत्नी का कीमती पर्स अज्ञात चोरो ने उड़ा दिया। इसीके साथ ही चोरो ने अलग-अलग ट्रैनो में भी कई लोगो का अपना शिकार बनाया है। मिली जानकारी के मुताबिक जलगांव महाराष्ट्र में रहने वाले दर्शन डेमला ने अपनी शिकायत में बताया की वह अपनी पत्नी के साथ ओवर नाईट एक्सप्रेस के एसी कोच में जबलपुर से इंदौर जा रहे थे। सफर के दौरान उनकी पत्नी ने अपना पर्स सिरहाने रख लिया, बाद में उनकी नींद लग गई।

संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन निकलने के थोड़ी देर बाद उनकी पत्नी की नींद खुली तो देखा की पर्स गायब हो चुका है। पत्नि से पर्स गायब होने की जानकारी मिलने पर दर्शन ने कोच में पर्स का काफी तलाशा लेकिन पर्स नहीं मिला। बाद में उन्होनें जीआरपी में शिकायत की। चोरी गए पर्स में 95 हजार की नगदी, 1 लाख कीमत का आईफोन और एयरबड्स, वाहनो के कागजात, आधार कार्ड, चार्जर समेत करीब 2 लाख से अधिक का माल रखा हुआ था। वहीं भोपाल में रहने वाली भारती ने पुलिस को बताया कि वह पंचवेली एक्सप्रेस में भोपाल से बैतूल की यात्रा कर रही थी। रेलवे स्टेशन से ट्रेन चलने के थोड़ी देर बाद उन्होनें देखा तो पता चला की उनकी जैकेट की जेब में रखा 14 हजार रुपये कीमत को मोबाइल फोन अज्ञात आरोपी ने चोरी कर लिया है।

## विविध-समाचार

### घाटी से आ रही बर्फीली हवाओं ने कंपकंपाया, बारिश की संभावना

भोपाल(आरएनएस)। घाटी से आ रही बर्फीली हवाओं ने गत दिवस राजधीन को कंपकंपा दिया। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। मौसम वैज्ञानिक एके शुक्ला ने बताया कि जम्मू कश्मीर में समुद्र तल से 5.1 किलोमीटर ऊपर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हैं। पंजाब ओर पाकिस्तान के ऊपर चक्रवतीय घेरा भी बना हुआ है। इसके अलावा दक्षिण-पश्चिम राजस्थान में समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर पर चक्रवातीय घेरा विकसित हे। इन चक्रवातीय घेरों की वजह से अरब सागर समूह में नमी आ रही है। इससे राजधानी मे कोहरा छा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है। इससे ठंड और बढ़ेगी।

### सेंट्रल संस्कृत विवि : 15 पीजी कोर्सेस में सीयूईटी के माध्यम से होंगे प्रवेश

भोपाल (आरएनएस)। सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी में 15 पीजी कोर्सेस में कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) से एडमिशन दिए जाएंगे। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो गई है। स्टूडेंट्स एक फरवरी तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन में संशोधन तीन से पांच फरवरी तक हो सकेंगे। विवि क अनुसार, शिक्षा शास्त्री (बीएड), एमएड, साहित्य में आचार्य, संस्कृत नाट्य शास्त्र और भारतीय रंगमंच, धर्मशास्त्र, प्राकृत, पाली, व्याकरण आदि कोर्सेस में एडमिशन दिए जाएंगे। इसके लिए परीक्षा 13 से 31 मार्च तक आयोजित होगी।

### जूडा ने डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपा, विभिन्न समस्याएं बताई

भोपाल,(आरएनएस)। ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाले बॉन्डेड चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि हा सकती है। इस संबंध में उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संकेत दिए हैं। गत दिवस गांधी मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता ने उनसे मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे चिकित्सकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जूडा अध्यक्ष ने बताया कि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए सार्थक चर्चा हुई।

### महापौर ने काम में लापरवाही पर वार्ड दरोगा, वार्ड प्रभारी को हटाया

भोपाल(आरएनएस)। महापौर मालती राय ने गत दिवस वार्ड 35 में बजबजाती नालियां और सडक़ों पर कचरा देख नाराजगी जताई। उन्होंने वार्ड दरोगा मनोज करोसिया को हटाने के निर्देश दिए। इसी तरह कार्य में लापरवाही बरतने वाली वार्ड-35 की वार्ड प्रभारी को भी हटाने के निर्देश उन्होंने दिए। इधर, निगम अमले ने रीना फास्ट फूड के अतिक्रमण को हटाया और नाले की सफाई की। पाँच हजार रुपए का स्पॉट फाइन भी वसूल किया गया।

### हमीदिया में 400 कर्मियों की छंटनी शुरु, इस हफ्ते 50 हटेंगे

भोपाल(आरएनएस)। गांधी मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने हमीदिया अस्पताल से 400 आउटसोर्स कर्मचारियों की चरणबद्ध छंटनी शुरु कर दी है। इन कर्मचारियों से सेवा समाप्ति का नोटिस भी जारी कर दिया गया है। इनमें से 50 कर्मचारी 20 जनवरी को हटा दिए जाएंगे। इसी के विरोध में इन 50 कर्मचारियों ने गत दिवस काम बंद हड़ताल कर दी। यह कर्मचारी सुबह आठ बजे ब्लॉक वन के बाहर जमा होकर नारे लगाने लगे। इन कर्मचारियों में इनें वार्ड बॉय, लैब टेक्नीशियन और कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल हैं। इन कर्मचारियों के न होने से अस्पताल में काम प्रभावित हुआ। कर्मचारियों में पड़ी फूट : हमीदिया से हटाए जा रहे 400 कर्मचारियों में आंदोलन को लेकर आपस में मतभेद हो गए हैं।

### कांग्रेस की महू रैली से पहले अमित शाह आएंगे भोपाल

भोपाल,(आरएनएस)। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह कांग्रेस की महू रैली से पहले भोपाल आ सकते हैं, जहां उनके द्वारा हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया जाएगा। हालांकि अभी उनका कार्यक्रम तय नहीं है, लेकिन ऐसा माना जारहा है कि 26 जनवरी के पूर्व उनका भोपाल प्रवास हो सकता है।

### विधायक हार्डिया बोले - बुलाओ जोनल अफसर को, जूते मारेंगे

भोपाल,(आरएनएस)। इंदौर में अतिक्रमण हटाने गई नगर निगम की टीम से नाराज होकर इंदौर पाँच विधानसभा के विधायक महेंद्र हार्डिया का एसडीएम से कहासुनी का वीडियो सामने आया है। इसमें विधायक हार्डिया एसडीएम प्रदीप सोनी से कह रहे हैं कि उनसे कलेक्टर भी फोन पर बात कर लेते हैं लेकिन यह (एसडीएम) फोन पर बात तक करने को तैयार नहीं। निगम की टीम गत दिवस फुटपाथ पर हुए कब्जे को हटाने पहुंची थी। यहां रहवासियों ने पार्षद और एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाडिय़ा को फोन लगाकर बुला लिया। कुछ ही देर में विधायक महेंद्र हार्डिया भी आ गए। इसके बाद उन्होंने एसडीएम सोनी को कॉल किया। वीडियो में दिख रहा है कि विधायक ने अतिक्रमण के लिए जगह चिह्नित करने वाले जोनल अफसर को जूते लगाने की बात भी कही है।

### पीडब्ल्यूडी की सड़के खोदी गई तो ठेकेदार पर होगी कानूनी कार्रवाई

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश में 81 हजार किलोमीटर सडक़ों का नेटवर्क है। इसमें नौ हजार 315 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग 12 हजार 568 किलोमीटर स्टेट हाईवे, 25 हजार 420 किलोमीटर मुख्य जिला मार्ग और 33 हजार 697 किलोमीटर ग्रामीण सडक़ें शामिल हैं। उक्त सडक़ों से अब कोई छेडख़ानी नहीं कर पाएगा। इसमें अब कोई नगर निगम, नगर पंचायत या अन्य कोठ एजेंसी सडक़ों पर खुदाई करता है, तो उन्हें सडक़ की मरम्मत कर उसे पूर्व की तरह तैयार करके देना होगा। जरूरत पडऩे पर उनके खिलाफकानूनी कार्रवाई तक की जाएगी। लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने आदेश जारी कर पीडब्ल्यूडी की सडक़ें सुरखित कर दिया है। प्रदेश में पीडल्ब्यूडी की निर्मित सउक़ों की शासकीय विभाग, निजी संस्थानों पर सडक़ों पर केबल (दूरसंचार लाइन), पाइपलाइन, सीवर लाइन एवं टेलीफोन लाइन डालने खुदाई की अनुमति लेना होगी। उन्हें संबंधित मण्डल के अधीक्षण यंत्री की डिटेल ड्राइंग एवं साइट प्लान के साथ संबंधित कार्यपालन यंत्री के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

### राजधानी में प्रतिबंध के बाद भी पॉलीथिन में सामान

भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी में पालीथिन के उपयोग पर लगा प्रतिबंध बेअसर साबित हो रहा है। बाजारों दुकानों में खुलेआम पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। फल, सब्जी सहित अन्य सामान पालीथिन में भरकर बेचा जा रहा है। यदि कारोबारी पालीथिन देने से मना कर देते हैं तो ग्राहक भी खाली हाथ लौट जाते हैं। ऐसे में नगर निगम की कार्रवाई के उपयोग को रोक तक नगर निगम का अमला सिर्फ छोटे कारोबारियों पर ही पालीथिन के उपयोग के संबंध में कार्रवाई करता आया है। इसके निर्माण कर्ता ओर बाजारों में उपलब्ध करने वाले उत्पादकों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हो रही है। यही वजह है कि बाजारों में प्रतिबंध के बाद भी पालीथिन आसानी से उपलब्ध हो रही है। बता दें कि वर्ष 2022 से 120 माइक्रान की पालीथिन सहित सिंगल यूज प्लास्टिक के 19 सामानों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# महिला बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया ने झाबुआ में किया मोटी आई शुभंकर को लांच

## पदोन्नत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र व बैज पहना कर किया सम्मानित



झाबुआ (आरएनएस)। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कुपोषण मुक्त झाबुआ के तहत बनी राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त 'मोटी आई' अभियान का के शुभंकर लांच किया। उन्होंने पदोन्नत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं बैज पहना कर सम्मानित भी किया। झाबुआ में जिला स्तरीय संवादकार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसमें बड़ी संख्या मे लगभग 12670 से अधिक मिनी आंगनवाड़ियो का पूर्ण आंगनवाड़ी के रूप में उन्नयन किया गया है। झाबुआ जिले में 800 से अधिक आंगनवाड़ी इसी श्रेणी में आती है। पदोन्नत हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कैबिनेट मंत्री को अभिनन्दन एवं आभार स्वरूप वृहद पुष्पमाला एवं पारम्परिक साफा, जिले की संस्कृति को परिलक्षित करते चाँदी के कड़े एवं तीर-कमान भेंट किये। साथ ही पदौन्नत हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी खुशी को व्यक्त करते हुए माँदल की थाप और "मोटी आई आवी गी" पर कैबिनेट मंत्री के साथ खुब थिरकी। मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि उदयपुर के चिन्तन शिविर मे मोटी आई कान्सेप्ट की बहुत सराहना एवं प्रशंसा हुई। कलेक्टर एवं पूरी टीम के संयुक्त प्रयासो से मोटी आई के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे है। इस नवाचार के सफल होने पर सम्पूर्ण प्रदेश में कुपोषण से लड़ाई की जंग लागू किये जाने के लिये प्रयास किए जायेंगे और भ्रांतियों को तोड़कर झाबुआ को शीर्ष स्थान पर ले जायेंगे। मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि प्रदेश में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आंगनवाड़ियों का उन्नयन किया गया है। जिले की सभी पदोन्नत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं एवं अब बडी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए अग्रसर रहे स्वयं के स्वास्थ्य पर ध्यान जरूर देवे। जिले में वर्तमान में 124 नए आंगनवाड़ी भवन स्वीकृत किये गये है आने वाले 4 वर्षों में जिले की कोई भी आंगनवाड़ी भवन विहीन नहीं रहेगी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने जिले 800 से अधिक मिनी आंगनवाड़ियो का उन्नयन किये जाने पर कैबिनेट मंत्री को धन्यवाद दिया।

## पिता बेचते हैं समोसे बेटी सोशल मीडिया पर मचा रही धमाल

छतरपुर, (आरएनएस)। शहर की अंजलि कुशवाहा की पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस समय सोशल मीडिया के हर प्लेटफॉर्म पर बुंदेली गीत - तुनक तुन तुन्ना, सुनो पावी बिन्ना, बेइंतहा वायरल हो रहा है। इस गीत में छतरपुर की अंजली ने अभिनय किया है। खास बात यह अंजलि ने एक सामान्य परिवार की बेटी है और उसके तिपा आज भी समोसे बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। हालांकि सोशल मीडिया पर अंजली के कारण परिवर को अच्छी खासी शोहरत मिल रही है। 14 वर्षीय अंजलि कुशवाहा शहर के सटई रोड की रहने वाली है और कक्षा नौवीं में पढ़ती है। पिता अजय सटई रोड रेलवे पुल क पास हाथठेले पर समोसे बेचते हैं। अजय बताते हैं लॉकडाउन के दौरान जब स्कूल बंद हुए तक अंजलि को मोबाइल दिलाया था। इसी स अंजलि पढ़ाई के साथ-साथ-साथ सोशल मीडिया पर कॉमेडी वीडियो बनाकर डालती थी। धीरे-धीरे उसके वीडियो लोगों को पसंद आने ले तब बुंदेली कलाकार हिमालय यादव हरिया भैया और विनोद प्रजापति ने अंजलि से मुलाकात की थी। कुछ समय पहले महोबा के कुछ कलाकारों ने अंजलि का उनके गाने में अभिनय करने का मौका दिया,

## विविध-समाचार

### तहसीलदारों की हड़ताल से काम ठप

रायसेन,(आरएनएस)। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा के बयान के बाद तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। तीन दिनों से तहसील कार्यालयों में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और अन्य प्रशासनिक काम पूरी तरह से बंद पड़े हैं। यहां पर अपना काम कराने के लिए आने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। वे तीन दिन से उम्मीद के साथ तहसील कार्यालय आते हैं, लेकिन शाम को उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। रायसेन जिले में 28 तहसीलदार और नायब तहसीलदार हैं, जो सोमवार से सामूहिक अवकाश पर है। हड़ताल के तीसरे दिन भी यह अधिकारी ऑफिस से दूरी बनाए रहे। जिले की दस तहसीलों में तीन दिन के भीतर 500 से अधिक मामले प्रभावित हुए। रायसेन तहसील में ही 70 से अधिक लोगों को निराश होकर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

### चुनाव आयोग गलत शपथ पत्र के आरोप की जांच करे : हाई कोर्ट

जबलपुर, (आरएनएस)। हाईकोर्ट ने नर्मदापुरम से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया के विरुद्ध गलत शपथ पत्र पेश करने के आरोप की जांच चुनाव आयोग को करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत व न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने याचिकाकर्ता को चुनाव आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करने स्वतंत्र कर दिया है। चुनाव आयोग छह सप्ताह के भीतर सभी पक्षों की सुनवाई का अवसर देकर उचित आदेश पारित करेगा। आदेश से संतुष्ट न होने पर याचिकाकर्ता उचित फोरम की शरण लेने भी स्वतंत्र होगा। उक्त याचिका आम आदमी पार्टी, नर्मदापुरम के सीताशरण पांडे ने दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजय पाल सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि निर्वाचन के पूर्व माया नारोलिया ने चुनाव आयोग को दिए शपथ पत्र में गलत जानकारी दी। उनके विरुद्ध आपराधिक केस है, लेकिन यह बात आयोग से छिपाई गई। इसके अलावा नपा अध्यक्ष रहते हुए नारोलिया ने कई भ्रष्टाचार किए। गरीबों के लिए आरक्षित जमीन पर खुद एक करोड़ की लागत से मकान बना लिया और भी कई अनियमितता की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने गेंद चुनाव आयोग के पाले में डालते हुए याचिकाकर्ता को शिकायत पर समुचित आदेश पारित करने के निर्देश दे दिए।

### दिग्वजय बोले-ज्योतिरादित्य सिंधिया मेरे बेटे के समान

ग्वालियर (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने गत दिवस ग्वालियर में कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया मेरे बेटे के समान हैं। वह अब विरोधी दल में हैं। पहले वह कांग्रेस में थे तो कहते थे कि भाजपा आइएसआइ के समान है, अब वह भाजपा की ही भाषा बोलते हैं, तो क्याा हम कुछ नहीं बोलें? कोई बता दे कि मैंने माधवराव सिंधिया के खिलाफ कभी एक शब्द भी बाला हो। उन्हें तो मैं ओर अर्जुन सिंह कांग्रेस में लेकर आए थे। पार्टी ने उनका पूरा सम्मान रखा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पिछले दिनों दिग्विजय पर अपने परिवार को टारगेट बनाए रखते का आरोप लगाया था। इस पर ग्वालियर में पत्रकारां से वार्ता में पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को संविधान ओर इतिहास को पढ़ना चाहिए। उसके बाद माफी मांगन की बात बोलनी चाहिए, क्योंकि आरएसएस ने संविधान का लागू करने के संबंध में सड़कों पर विरोध किया था और प्रतिमा जलाई थीं।

## गांधीसागर के साथ कूनो में भी रखे जाएंगे चीते

ग्वालियर,(आरएनएस)। दक्षिण अफ्रीका के बाद अब केन्या से चीते भारत लाए जा रहे हैं। बहुत जल्द इन्हें गांधी सागर अभ्यारण्य के साथ ही देश में चीतों के पहले घर-कूनों में रखा जाएगा। विशेषज्ञों ने इसकी वजह कूनो में चीतों के रहवास, भोजन, सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता ओर पर्याप्त इंतजामों को बताया है। बात गांधीसागर अभ्यारण्य की करें तो यह स्थान चीतों के लिए नया होगा और यहां अधिक संख्या में चीते नहीं रखे जा सकते हैं। यही वजह है कि कुछ चीतों को कूनो में भी रखे जाने की योजना है। केन्या से आने वाले चीतों को यदि कूनो में लाया जाएगा तो पहले क्वारंटाइन बाड़े में निर्धारित समय तक रखा जाएगा। भारत की धरती पर करीब सात दशक बाद 17 सितम्बर 2022 को नामीबिया से लाए मप्र आठ चीतों को मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं बड़े बाड़ों में छोड़ा था। इसके अगले वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका से लाए गए 12 चीतों को कूनो में रखा गया। अब चीतों की अगली खेप क लिए गांधी सागर मध्य प्रदेश के मंदसोर और नीमच जिलों क भूभाग पर राजस्थान की सीमा से लगा हुआ है। यहां संभवत: फरवरी के पहले सप्ताह तक 12 से 15 चीते केन्या से भारत लाए जाने हैं। इनमें से कुछ चीतों को कूनो में भी लाया जाएगा।

## पार्वती नदी पर बना पुल धंसा, भारी वाहन प्रतिबंधित

राजगढी (आरएनएस)। राजधानी भोपाल के बैरसिया-नरसिंहगढ़ रोड स्थित पार्वती नदी का पुल क्रेक होकर धंसक गया है, जिसके बाद रात से पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। रात में बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा अमले के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीएम ने एमपीआरडीसी (मप्र सडक़ विकास निगम) के संभागीय प्रबंधक को पत्र भी लिखा है, जिसमें पार्वती नदी के पुल के क्षतिग्रस्त होकर धंसने की बात कही गई है। पत्र में लिखा कि पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। पुल में आवाजाही के कारण जानमाल के नुकसान की आशंका है।

## सभी माता-पिता बेटियों की तरह करें बहु का सम्मान : प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 22 जोडों को हुआ विवाह



ग्वालियर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत परिणय सूत्र में बंध रहे सभी वर-वधु एक दूसरे के माता पिता का सम्मान करें। सभी माता-पिता भी बहु का सम्मान बेटियों की तरह करें, हर समस्या का समाधान संवाद से होता है। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब परिवारों की चिंताओं को दूर करने के लिए इस तरह के सामूहिक विवाह कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। मुख्यमंत्री योजना अंतर्गत अभी तक 75 हजार से अधिक विवाह सम्पन्न कराये जा चुके हैं। उक्ताशय के विचार प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने फूलबाग मैदान पर आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में वर-वधु को आर्शीवाद प्रदान करते हुए व्यक्त किए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने सभी नव विवाहित जोडों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार आपकी चिंता करती है। आपका विवाह तो हो ही रहा है, साथ ही विवाह उपरांत आपके जरूरी खर्चों को ध्यान में रखते हुए कन्या के नाम से 49 हजार रूपये का चेक प्रदान किया जा रहा है।नगर निगम ग्वालियर द्वारा मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक विवाह सम्मेलन में आज 22 जोडों के विवाह विधि विधान से सम्पन्न कराए गए।

## व्यापार समाचार

## फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में भारत की आर्थिक बढ़ोत्तरी 6.7 फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली, (आरएनएस)। अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले अगले दो वित्त वर्षों के लिए भारत की आर्थिक बढ़ोतरी 6.7 फीसदी प्रति वर्ष पर



स्थिर रहने की संभावना जताई गई है. बता दें, दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के नवीनतम विकास अनुमानों यह संभावना व्यक्त की गई है.

विश्व बैंक ने कहा कि 2025-26 में दक्षिण एशिया में बढ़ोतरी बढ़कर 6.2 फीसदी होने की उम्मीद है, जबकि भारत में अनुमानित बढ़ोतरी मजबूत है. बैंक ने आगे कहा कि भारत में अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले दो वित्तीय वर्षों के लिए बढ़ोतरी 6.7 फीसदी प्रति वर्ष पर स्थिर रहने का अनुमान है.

विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में कहा कि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार होने की उम्मीद है, तथा विनिर्माण गतिविधि में मजबूती आने की उम्मीद है, जिसे लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ाने तथा कर सुधारों के माध्यम से कारोबारी माहौल में सुधार लाने की सरकारी पहलों से समर्थन मिलेगा.

वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 और 2026 में 2.7 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है, जो 2024 के समान ही है, क्योंकि महंगाई और ब्याज दरें धीरे-धीरे कम हो रही हैं. विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भी अगले दो वर्षों में लगभग 4 फीसदी की वृद्धि स्थिर रहने की उम्मीद है.

## हाईवे पर कार के लिए बनेगा मंथली और एनुअल टोल पास! जान लें सरकार की प्लानिंग

मुंबई (आरएनएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए टोल वसूली की जगह मासिक और वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रही है. इस कदम से सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा. क्योंकि वर्तमान में कुल टोल वसूली में निजी वाहनों की हिस्सेदारी केवल 26 फीसदी है, जबकि 74 फीसदी राजस्व वाणिज्यिक वाहनों से आता है. मासिक और वार्षिक पास की व्यवस्था होने से निजी वाहनों को टोल बूथ पर बार-बार रुकने की जरूरत नहीं होगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी. यह कदम आम जनता के लिए राहत भरा साबित हो सकता है, जिससे टोल भुगतान की प्रक्रिया आसान और सुविधाजनक हो जाएगी. नितिन गडकरी ने कहा कि इस नए प्रस्ताव के तहत अब गांवों के बाहर टोल बूथ बनाए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. इसके साथ ही सरकारी अधिकारियों ने टोल वसूली के लिए ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) पर आधारित एक नई व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा है, जिससे टोल वसूली की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और सुचारू हो जाएगी. इसके अलाव, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग के साथ-साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में सहज जीएनएसएस आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को शुरू में लागू करने का निर्णय लिया है.

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 423 , निफ्टी 108 अंक गिरा

मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। सप्ताह के अंतिम कारोबरी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से बाजार नीचे आया। इसके साथ ही बैंकिंग व आईटी स्टॉक्स में हुई बिकवाली के कारण भी बाजार नीचे आया। वहीं गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 423 अंक करीब 0.55 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,619 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी अंत में 108 अंक तकरीबन 0.47 फीसदी की गिरावट लेकर 23,203 पर बंद हुआ।



आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 30 कंपनियों में से इंफोसिस तथा एक्सिस बैंक के शेयर में पांच फीसदी से ज्यादा की गिरावट रही। कोटक बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी गिरे। दूसरी ओरी जोमैटो और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में दो फीसदी से अधिक की तेजी रही। नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी, एलएंडटी, सनफार्मा के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए।बाजार जानकारों के अनुसार दिग्गज कंपनियों इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक जैसे आईटी स्टॉक्स में भारी बिकवाली की वजह से आज शेयर बाजार टूटा। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा। बैंक और आईटी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार गिरा। जबकि इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी से बाजार को सपोर्ट मिला है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 485 अंक गिरकर 76,557.79 अंक पर आ गया। ऐसे ही निफ्टी 144.75 अंक गिरकर 23,167.05 अंक पर पहुंच गया।

## इंफोसिस का बड़ा धमाका- भारत के कर्मचारियों की 6 से 8 फीसदी बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। इंफोसिस जनवरी 2025 से भारत में कर्मचारियों के लिए 6-8 फीसदी वार्षिक वेतन वृद्धि शुरू करेगी. मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार यह नियोजित वेतन संशोधन का पहला चरण है. दूसरा चरण अप्रैल में आएगा. जनवरी 2025 में लागू होने वाली वेतन वृद्धि एन आर नारायण मूर्ति की अगुवाई वाली कंपनी के नियोजित वेतन संशोधनों के पहले चरण को चिह्नित करती है, जिसका दूसरा चरण अप्रैल 2025 के लिए निर्धारित है. भारत से बाहर के कर्मचारियों को कम एकल अंकों की वेतन वृद्धि मिलने की संभावना है.रिपोर्ट में इंफोसिस के मुख्य वित्तीय अधिकारी जयेश संघराजका के हवाले से कहा गया है कि मोटे तौर पर, हम भारत में 6-8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, और विदेशी वेतन वृद्धि पहले की वेतन समीक्षाओं के अनुरूप होगी. उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित करने के बाद प्रेस को संबोधित किया.आईटी दिग्गज, जिसमें 3.23 लाख से अधिक पेशेवर कार्यरत हैं, ने आखिरी बार नवंबर 2023 में वेतन वृद्धि की थी. अभी तक ऐसा करने में देरी विवेकाधीन आईटी सेवाओं की वैश्विक मांग में व्यापक अनिश्चितता और कमजोर विवेकाधीन खर्च, विलंबित क्लाइंट बजट और व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण आईटी कंपनियों पर पड़ने वाले दबाव के कारण हुई है.

## ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में गिरावट, बजाज और टीवीएस में बढ़त

### - टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी बाजार हिस्सेदारी हासिल की

नई दिल्ली (ए)। ओला इलेक्ट्रिक, जिसे पहले भारतीय बाजार में नंबर वन पर देखा जाता था, अब गिरती बिक्री का सामना कर रही है। ग्राहकों ने ओला की गुणवत्ता और आफ्टर सेल सर्विस की वजह से उससे दूरी बनानी




शुरू कर दी है। पिछले महीने के बिक्री आंकड़ों के मुताबिक ओला की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। इसी बीच बजाज ऑटो और टीवीएस मोटर ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर सेगमेंट में अपनी बढ़त दिखाई है। टीवीएस ने जनवरी के पहले 15 दिनों में 23 फीसदी की बाजार हिस्सेदारी हासिल की है, जबकि बजाज ने 25 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे पायदान पर जगह बनाई है। ओला को अपनी बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दूसरी कंपनियां अपनी बढ़त के साथ बाजार में अच्छी पोजीशन बना रही हैं। यह स्थिति ओला के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो रही है और दरअसल बाजाज और टीवीएस इस सेगमेंट में अपनी प्रतिष्ठा बनी हुई हैं।

## सोने-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

### - सोना 79,071 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 92,251 रुपए

नई दिल्ली (ए.)। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को सोना-चांदी खरीदने वालों को राहत मिली है। दोनों के वायदा भाव में शुक्रवार को गिरावट देखी जा रही है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 0.20 फीसदी गिरकर 79,071 रुपए जबकि चांदी की कीमत 0.59 फीसदी गिरावट के साथ 92,251 रुपए पर है। बीते साल सोने का भाव 20.22 फीसदी बढ़ा। वहीं चांदी की कीमत में 17.19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,948 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 86.58 डॉलर पर




### रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था

मुंबई (ए.)। अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.80 पर रहा।



## रुपया तीन पैसे की बढ़त के साथ 86.58 डॉलर पर

### - रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था

मुंबई (ए.)। अमेरिकी मुद्रा में नरमी के बीच रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में तीन पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.58 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अस्थिर वैश्विक रुझानों के बीच घरेलू बाजारों से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रही जिसका प्रभाव भी भारतीय मुद्रा पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.60 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले यह 86.58 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.61 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.80 पर रहा।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता

जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है। डीएपी सर्वाधिक इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है।

कैबिनेट की बैठक के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने नए साल का पहला फैसला किसानों के हित में लिया है। नरेंद्र मोदी ने कहा- हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

घोषणा के मुताबिक केंद्र ने दो महत्त्वपूर्ण फैसले लिए। सरकार ने डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) के आयात के लिए प्रति टन 3,500 रुपये की विशेष सब्सिडी की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया।

साथ ही दो फसल बीमा योजनाओं में तकनीक के उपयोग के लिए 824.77 करोड़ रुपये मंजूर किए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब 2025-26 में भी जारी रहेगी।

ये फैसला नहीं होता, तो इस योजना के लिए सरकारी सब्सिडी की अवधि अगले मार्च में समाप्त हो जाती।

इसके लिए 2021-22 से 2024-25 तक के लिए 66,515 करोड़ रुपये मंजूर हुए थे। अब 3,045 करोड़ रुपये और आवंटित किए गए हैं।

जहां तक डीएपी के लिए सब्सिडी का सवाल है, तो असल कहानी डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में भारी गिरावट में छिपी है।


डीएपी सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाला खाद है, जबकि इसकी उपलब्धता के लिए भारत लगभग पूरी तरह आयात पर निर्भर है।

सरकार ने बाजार में इसकी अधिकतम खुदरा कीमत (एमआरपी) में वृद्धि को फ्रीज कर रखा है। इसलिए रुपये की गिरती की कीमत से आयातकों के लिए इसे मंगवाना घाटे का सौदा बन गया है।

तो किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का कुल व्यावहारिक नतीजा यह होगा कि मौजूदा कीमत पर एक साल और डीएपी किसानों को मिल सकेगा, हालांकि सरकारी सब्सिडी के बावजूद मांग के सीजन में डीएपी उपलब्धता को लेकर किसान शिकायत जताते रहे हैं।

उधर फसल बीमा योजना भी साल भर और जारी रहेगी। निजी कंपनियों के जरिए लागू यह योजना सवालों के घेरे में रही है। इसकी आलोचना रही है कि इसका असल लाभ किसानों के बजाय बीमा कंपनियों को मिला है।

चाहे बीमा कोई भी हो, निजी कंपनियों का क्लेम देने में देर या इनकार करना आम कहानी है। किसान भी इसका शिकार हुए हैं।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के पांचवें दिन संगम के पास अपने शिविर में एक साधु.

# संगम में करोड़ों लोग की डुबकी दृश्य अद्भुत

**अवधेश कुमार**

प्रयागराज त्रिवेणी संगम से आ रहे दृश्य अद्भुत हैं। संपूर्ण पृथ्वी पर भारत ही एकमात्र देश है जहां इस तरह के अद्भुत आयोजन संभव हैं। केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए यह न भूतो न भविष्यति वाली स्थिति है।

इसलिए नहीं कह सकते कि एक बार जब देश और नेतृत्व अपनी प्रकृति को पहचान कर आयोजन करता है तो वह एक मानक बन जाता है और आगे ऐसे आयोजनों को और श्रेष्ठ करने की प्रवृत्ति स्थापित होती है। यह मानना होगा कि 144 वर्ष बाद पौष पूर्णिमा पर बुधआदित्य योग जिसे, महायोग युक्त कह रहे हैं, उस महाकुंभ का श्री गणोश उसकी आध्यात्मिक दिव्यता के अनुरूप करने की संपूर्ण कोशिश केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है।



भारत में दुर्भाग्यवश, राजनीतिक विभाजन इतना तीखा है कि ऐसे महान अवसरों, जिससे केवल भारत और विश्व नहीं संपूर्ण ब्रह्मांड के कल्याण का भाव पैदा होने की आचायरे की दृष्टि है, उसमें भी नकारात्मक वातावरण बनाया जा रहा है। होना यह चाहिए था कि राजनीतिक मतभेद रहते हुए भी संपूर्ण भारत और विशेष कर उत्तर प्रदेश के राजनीतिक दल ऐसे शुभ और मंगलकारी आयोजन पर साथ खड़े होते, आने वालों का स्वागत करते और संघर्ष, तनाव, झूठ, पाखंड, ईर्ष्या, द्वेष, घृणा से भरे विश्व में भारत से शांति की आध्यात्मिक सलिला का मूर्त अमूर्त संदेश विस्तारित होता।

हमारे देश का संस्कार इतना सुगठित और महान है कि नेताओं के वक्तव्यों की अनदेखी करते हुए करोड़ों लोग अपने साधु-संत, आचायरे के द्वारा दिखाए रास्ते का अनुसरण करते हुए जाति, पंथ, क्षेत्र, भाषा, राजनीति सबका भेद भूलकर संगम में डुबकी लगाते, आवश्यक अपरिहार्य कर्मकांड करते आकषर्क दृश्य उत्पन्न कर रहे हैं, अन्यथा समाजवादी पार्टी और उनके नेता जिस तरह के वक्तव्य दे रहे हैं उनसे केवल वातावरण विषाक्त होता। थोड़ी देर के लिए अपनी दलीय राजनीति की सीमाओं से बाहर निकलकर विचार करिए। क्या स्वतंत्र भारत में पूर्व की सरकारों ने ऐसे अनूठे उत्सव या आयोजन को उसके मूल संस्कारों और चरित्र के अनुरूप भव्यता प्रदान करने, संपूर्णता तक पहुंचाने एवं संपूर्ण विश्व को बगैर किसी शब्द का प्रयोग किए भारत के आध्यात्मिक अनुकरणीय शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए इस तरह केंद्रित उद्यम और व्यवस्थाएं किए थे? इसका ईमानदार उत्तर है, बिल्कुल नहीं।

कहने का तात्पर्य यह नहीं कि पूर्व सरकारों ने कुंभ के लिए कुछ किया ही नहीं। लाखों करोड़ों व्यक्ति और संपूर्ण भारत के सारे संत-संन्यासी-साधू-महंत आचार्य दो महीने के लिए वहां उपस्थित हों तो सरकार के लिए उसकी व्यवस्था और अपरिहार्य हो जाती है। सच यह है कि जिस तरह मोदी सरकार और योगी सरकार ने कुंभ को उसकी मौलिकता के अनुरूप वर्तमान देश, काल, स्थिति के साथ तादात्म्य बिठाते हुए कार्य किया वैसा पहले कभी नहीं हुआ। वास्तव में हमारे शीर्ष नेतृत्व में देश और प्रदेश दोनों स्तरों पर एक साथ कभी ऐसे लोग नहीं रहे जिन्हें महाकुंभ या हमारे धार्मिक- सांस्कृतिक-आध्यात्मिक आयोजनों, मुहूतरे, कर्मकांडों का महत्त्व, इसका आयोजन कैसे, किनके द्वारा, किन समयों पर होना चाहिए ना इसका पूरा ज्ञान रहा और न लेने के लिए कभी इस तरह प्रयत्न हुआ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी संन्यासी हैं और उन्हें इसका ज्ञान है।

उनके मंत्रिमंडल में भी ऐसे साथी हैं जो इन विषयों को काफी हद तक समझते हैं, जिनकी निष्ठा है। निष्ठा हो और संकल्प नहीं हो तो ज्ञान होते हुए भी साकार नहीं हो सकता। आप योगी आदित्यनाथ के समर्थक हों या विरोधी इन विषयों पर उनकी समझ, निष्ठा व संकल्पबद्धता को किसी दृष्टि से नकार नहीं सकते। जब इस तरह की टीम होती है तभी महाकुंभ, अयोध्या या काशी विनाथ अपनी मौलिकता के साथ संपूर्ण रूप से प्रकट होता है। केंद्र का पूरा मार्गदशर्न और उसके अनुरूप सहायता हो तो समस्याएं नहीं आती। 2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद प्रयागराज में ही 2019 में अर्धकुंभ आयोजित हुआ था और वहां से नया स्वरूप सामने आना आरंभ हुआ। पहली बार लोगों ने केंद्र व प्रदेश का संकल्प देखा। 2019 में पहली बार राज्य सरकार ने 2406.65 करोड़ व्यय किया जिसकी पहले कल्पना नहीं थी। इस बार सरकार की ओर से 5496.48 करोड़ रुपये व्यय अभी तक हुआ और केंद्र ने भी इसमें 2100 करोड़ रुपये का अतिरिक्त सहयोग दिया है। कुंभ के आयोजन के साथ गंगा और यमुना दोनों में शून्य डिस्चार्ज सुनिश्चित करने की कोशिश हुई है।सभी 81 नालों का स्थाई निस्तारण सुनिश्चित करने की तैयारी की गई। यह तो नहीं कह सकते कि गंगा, यमुना और त्रिवेणी संगम का जल शत-प्रतिशत शुद्ध और स्वच्छ हो गया, किंतु अधिकतम कोशिश कर हरसंभव परिणाम तक ले जाने के परिश्रम से हम इनकार नहीं कर सकते। कुंभ को हरित कुंभ बनाने की दृष्टि से पहली बार मोटा-मोटी 3 लाख के आसपास पौधरोपण का आंकड़ा है। उसी तरह केवल रिकॉर्ड संख्या में डेढ़ लाख शौचालय बनाए गए बल्कि 10 हजार से अधिक सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई। शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए लगभग 1230 किलोमीटर पाइपलाइन, 200 वाटर एटीएम तथा 85 नलकूप अधिष्ठान की व्यवस्था है। हालांकि हिन्दुओं और सनातनियों के अंदर तीर्थयात्राओं में कष्ट सहने की मानसिकता और संस्कार है।

# विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी के भीतर खेला

**शंकर जालान**

खेला होबे', खेला होबे', यानी खेल होगा, खेल होगा? वाले जिस लोकप्रिय चुनावी नारे के बलबूते तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 2021 (पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव) और 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा समेत तमाम विरोधी दलों को धूल चटाते हुए चुनावी रण से बाहर का रास्ता दिखाया था, मौजूदा समय में वही खेला' टीएमसी के भीतर होते दिख रहा है।

बुआ (ममता बनर्जी) और भतीजे (अभिषेक बनर्जी) के बीच इन दिनों जो चल रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि जल्द ही टीएमसी में भी कुछ बड़ा खेला' होने वाला है।

वैसे कई दफा और कई मुद्दों पर बुआ-भतीजे में मतभेद की खबरें आती रही हैं, लेकिन बीते दिनों अभिषेक के करीबी और विश्वासपात्र माने जाने वाले दो नेताओं (पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन और अराबुल इस्लाम) को बाहर का रास्ता दिखा कर ममता ने बताने की कोशिश की है कि पार्टी में सर्वेसर्वा केवल वे ही हैं। टीएमसी के कुछ नेता यह जरूर चाहते हैं कि भुआ-भतीजे का विवाद जल्द समाप्त हो जाए लेकिन विपक्ष विशेषकर भाजपा चाहती है कि भुआ-भतीजे के बीच दूरियां जितनी बढ़ेंगी, आगामी विधानसभा चुनाव में जीत उसके उतनी ही करीब होगी। मालूम हो कि 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव होने हैं।

गत लोक सभा चुनाव में राज्य में मिली करारी हार के बाद भाजपा अभी तक सूबे में अपना संगठन मजबूत नहीं कर पाई है। प्रदेश के भाजपा नेता चाहते हैं कि उनका संगठन चाहे मजबूत हो न हो, लेकिन टीएमसी का संगठन जरूर कमजोर हो जाए। सांगठनिक ताकत के तौर पर वाम मोर्चा और कांग्रेस भी नये सिरे से अपनी शुरु आत के पक्ष में हैं। 2011, 2016 और 2021 में जीत यानी हैट्रिक लगाने वाली टीएमसी अपना घर ठीक से नहीं चला पा रही है। ममता पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया हैं, तो अभिषेक पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद हैं। सभी जानते हैं कि ममता के बूते ही अभिषेक को पहचान मिली, कई दफा सांसद बनने का मौका मिला और पार्टी में महासचिव जैसा महत्त्वपूर्ण पद भी, लेकिन अब अभिषेक की महत्त्वाकांक्षा और पार्टी में दखलअंदाजी बढ़ गई है, जो ममता को रास नहीं आ रहा।

अंदरखाने सूत्रों ने बताया कि इन दिनों भुआ-भतीजे के रिश्ते में पहली वाली मधुरता नहीं है। दोनों के बीच कई बार मतभेद और रार हो चुकी हैं, लेकिन अब लड़ाई सतह पर आती नजर आ रही है। भुआ-भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत पर न पड़े, इसे लेकर टीएमसी के वरिष्ठ नेताओं के माथे पर चिंता की लकीरें दिख रही हैं। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी दो खेमे में बंट गई है। एक खेमा है ममता बनर्जी का, जिसमें वे नेता शामिल हैं, जो टीएमसी के संघर्ष के दिनों से ममता के साथ हैं। दूसरा खेमा है अभिषेक का जिसमें अधिकतर नेता ऐसे हैं जिन्होंने टीएमसी के एक मुकाम पर पहुंचने के बाद जोड़ाफूल' (टीएमसी का चुनाव चिन्ह) थामा था। ऐसे में टीएमसी नये-पुराने नेताओं में बंटती नजर आ रही है।

टीएमसी में महीनों से विवाद जारी है, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बीच मतभेदों का कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। पहले अभिषेक कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के कथित रेप और हत्या के मामले में राज्य सरकार के रवैए की आलोचना करने वाले कलाकारों के बहिष्कार के मुद्दे पर पार्टी के कुछ नेताओं से असहमत थे, लेकिन अब ममता ने अपने भतीजे के करीबी माने जाने वाले मंत्रियों को आड़े हाथों लिया है। भुआ-भतीजे के मनमुटाव का असर पार्टी की सेहत और सूबे की राजनीति पर कितना पड़ेगा, यह जानने के लिए इंतजार करना पड़ेगा लेकिन फिलहाल इतना कहा जा सकता है कि भुआ-भतीजे के सुर नहीं मिलने से संगठन के चुनाव में दिक्कतें आ रही हैं।

हाल में भांगड़ में अराबुल इस्लाम और सावकत मोल्लाह के बीच गुटीय संघर्ष की बात सामने आई। दोनों एक-दूसरे को टीएमसी का सदस्य मानने से भी कतरा रहे थे। अंतत- अराबुल को निलंबित कर दिया गया। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक साथ रेप और हत्या के बाद से स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लगातार मुखर रहे टीएमसीके पूर्व सांसद डॉ. शांतनु सेन को भी बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। शांतनु सेन को राजनीतिक हल्कों में अभिषेक का करीबी माना जाता है।

टीएमसी ने उन्हें पाषर्द से राज्य सभा सांसद बनाया। अभिषेक की मेहरबानी से चिकित्सकों के संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष बन गए थे। पार्टी के प्रवक्ता के तौर पर किया। राजनीति के पंडित इस निलंबन के पीछे भी विशेष रणनीति देख रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि टीएमसी में निलंबन की बात कब उठती है, यह भी स्पष्ट नहीं है। दिलचस्प बात यह है कि निलंबन की घोषणा उन जयप्रकाश मजूमदार ने की जो कभी भाजपा में थे। अभिषेक के दोनों करीबियों के निलंबन को लेकर सूबे की राजनीति में उथल-पुथल मची है। चर्चा है कि विधानसभा चुनाव से पहले यह खेला' कहां तक चलेगा और कहां जाकर खत्म होगा।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें सफलता मिल सकती है।

वृष राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपका स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स से जुड़े हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जो उनको लाभ पहुंचाएगी। कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे, बड़ा धन लाभ।

मिथुन राशि- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी पुराने दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है। परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज आप जीवनसाथी के साथ यादगार पल बितायेंगे। आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। स्टूडेंट्स को कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

कर्क राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आपको अपने सोच और व्यव्हार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए। इससे आपको फायदा भी हो सकता है। व्यापार की स्थिति सामान्य रहेगी।

सिंह राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। अगर आप समय का सदुपयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा। किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए। कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी।

कन्या राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। आपको कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। आपको पैसे कमाने के अच्छे मौके मिलेंगे। आपको अपने कामकाज से जुड़े नए आइडियाज मिलेंगे।

तुला राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। सोसाइटी में किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। परिवार के कुछ मामलों में आपको अनदेखा करने से बचना चाहिए।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिये आज का दिन फेवरेबल रहेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे हो सकते हैं, इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से थोड़ी अनबन हो सकती है।

कुंभ राशि- वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ी कोई बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी। साथ ही आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। परिवार में मधुरता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा। किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी।

मीन राशि-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा हो सकता है। सामाजिक कामों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। कार्यस्थल पर आपको सहयोग मिल सकता है।

दोस्तों से आपको मदद मिल सकती है। कुछ नए कामकाज आपके सामने आयेंगे और उसके लिए जरूरी लोगों से भी मुलाकात हो सकती है।

# मेटा की माफी से सोशल मीडिया मंचों को सख्त सन्देश

**-ललित गर्ग**

फेसबुक के लिये भारत एक संभावनाओं भरा बड़ा बाजार होने के बावजूद उसकी भारत के प्रति सोच भ्रामक, विवादास्पद एवं नकारात्मक रही है। फेसबुक और मेटा भारत के तथ्यों के साथ छेड़छाड़ और फेकन्यूज को लेकर विवादों में घिरती रही हैं। हाल ही में मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग एक बार फिर भारत को लेकर दिये गलत बयान के मामले में फंस गए हैं। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में कहा था कि कोरोना के बाद दुनिया के कई देशों में मौजूदा सरकारें गिर गईं। भारत के लोकसभा चुनाव में भी नरेन्द्र मोदी सरकार हार गई। यह जनता का सरकारों में घटता भरोसा दिखाता है। इस बयान के बाद संसद की आईटी एंड कम्युनिकेशन मामलों की स्टैंडिंग कमिटी के अध्यक्ष और भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि इस गलत बयान पर कंपनी को माफी मांगनी चाहिए। वरना हमारी समिति उन्हें मानहानि का नोटिस भेजेगी। भारत सरकार की सख्त आपत्ति को देखते हुए भले ही मेटा ने माफी मांग ली हो, लेकिन मार्क भरोसे के लायक नहीं है। यह माफी जहां जरूरी थी वही अब स्वागतयोग्य भी है। लेकिन मार्क का भारत के प्रति नजरिया गैर जिम्मेदाराना, लापरवाहीपूर्ण एवं दोषपूर्ण है। ऐसी निरंकुश सोच एवं उच्छृंखल मानसिकता की बुनियाद पर संबंधों की खड़ी होने वाली ईमारत खोखली एवं विनाशकारी ही होती है।

यह वाकई हैरत की बात है कि जकरबर्ग ने भारत को भी उन देशों में शामिल कर लिया जहां पिछले साल चुनाव में सरकारों ने सत्ता गंवाई। तथ्य यह है कि भाजपा की सीटें भले कम हुई हों, लेकिन सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए ने बहुमत हासिल कर सरकार में वापसी की एवं सफलतापूर्वक सरकार को चला रही है। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और न केवल देश में बल्कि दुनिया में भारत का परचम फहरा रहे है। इस तथ्य से जकरबर्ग कैसे अनजान हो सकते हैं? क्या वह जानबूझकर भारत सरकार के बारे में गलत सूचनाएं फैला रहे हैं? क्या यह शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्रों के साथ-साथ वहां की बड़ी आर्थिक शक्तियों की भारत के प्रति विरोधाभासी दुर्भावना नहीं है। कैसे मान लिया जाये कि यह गलती अनजाने में हुई है? क्या दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया मंच फेसबुक को संभालने वाली इतनी बड़ी कंपनी के मालिक से ऐसी गलती की उम्मीद की जा सकती है और ऐसी गलती उनको शोभा देती है कि वह भारत जैसे देश के चुनाव परिणाम से परिचित न हों?




अगर यह गलती जुकरबर्ग से भूल या अनजाने में हुई है, तो भी यह गंभीर बात है।

मेटा इंडिया भी जुकरबर्ग की ही कंपनी है, जिसके एक आला अधिकारी ने कहा है कि अमेरिकी बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी समूह मेटा के लिए भारत एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण एवं संभावनाभरा खास देश बना हुआ है। मेटा अपने व्यापार को भारत में विस्तारित करने के लिये विभिन्न योजनाओं पर काम भी कर रहा है। भारत मेटा के लिए बहुत अहम देश है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पेरेंट कंपनी मेटा चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज के कैंपस में भारत में अपना पहला डेटा सेंटर स्थापित कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मार्च 2024 में जामनगर में हुए बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की प्री वेडिंग फंक्शन में जुकरबर्ग शामिल हुए थे। तभी उन्होंने रिलायंस के साथ इसको लेकर एक समझौता किया था। इस तरह मेटा के लिए भारत अहम है, तो इसके मालिक को भारत का नाम बहुत संभलकर एवं सोच समझकर लेना चाहिए। वैसे भी भारत सरकार अमेरिका, यूरोपीय देशों या चीन की तरह आक्रामक एवं उग्र नहीं है। आक्रामक देशों में तो सरकारें फेसबुक या मेटा की गलतियों पर उसे न केवल सबक सीखाती है बल्कि कई बार ऐसी गलतियों के चलते कंपनियों को भारी जुर्माना भी चुकाना पड़ता है। उन देशों की कड़ाई का ही नतीजा है कि सोशल मीडिया कंपनियां इन देशों में बहुत सजग रहती हैं, जबकि भारत के मामले में उनकी नीति बदल जाती है। भारत की उदारता का ये कंपनियां अधिकतम दुरुपयोग करना चाहती हैं। भारत को भी उदारता, सरलता एवं लचीलेपन की जगह कठोर एवं सख्त रवैया अपनाना चाहिए क्योंकि भारत अब दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने के साथ दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र एवं ठोस जगह बना चुका है। जुकरबर्ग से जुड़ा यह ताजा मामला ऐसे ही लोगों के लिये एक सबक एवं चेतावनी बनना चाहिए। भारत सरकार को चाहिए कि वह ऐसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के मालिकों और अधिकारियों को चेतावनी के शब्दों में सचेत कर दे कि वे भारत के महत्व को समझें, पर्याप्त सजग एवं सावधान रहें। भारतीयों को पता है कि साल 2019 में अमेरिका में फेडरल ट्रेड कमीशन ने उपयोगकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन करने के लिए फेसबुक पर पांच अरब डॉलर का जुर्माना लगाया था।

मेटा प्रमुख मार्क के भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी प्रतिक्रिया दी और इसे गलत जानकारी करार देते हुए तथ्य और विश्वसनीयता बनाए रखने का आह्वान किया। मेटा के पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट, शिवनाथ ठुकराल ने अश्विनी वैष्णव के पोस्ट पर जवाब देते हुए लिखा, मार्क जुकरबर्ग का यह कहना कि 2024 के चुनावों में कई देशों में सत्ताधारी पार्टियां फिर से नहीं चुनी गईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। हम इस अनजाने में हुई गलती के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए बेहद महत्वपूर्ण देश है और हम इसके इनोवेशन से भरे भविष्य का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं। भारत को अपना बाजार मानने वाले मेटा के लिये ऐसी भूल अनायास या जानबूझकर जैसे भी हो, होना दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि भारत जैसे सशक्त एवं ताकतवर लोकतांत्रिक देश के लिये गलत जानकारी प्रसारित करना देश की छवि को धूमिल करती है। यह तो भारत की उदारता, सहिष्णुता एवं भलमनसाहत है कि उसने ऐसी अक्षम्य गलती पर भी माफी से संतोष कर लिया, वरना भारी जुर्माना या अन्य कठोर सजा के प्रावधान हो सकते थे। फेसबुक जैसे सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा हासिल करने के मकसद से हो रहा है। लेकिन इसके लिये समाज को नुकसान पहुंचाना कैसे जायज हो सकता है? इस तरह की गैर जिम्मेदारी एवं लापरवाही खतरनाक हो सकती है और इसकी इजाजत नहीं दी जा सकती।

ताजा विवाद को सरकार ने गंभीरता से लिया है, यह अच्छी बात है। लेकिन जरूरी है कि चिंता इसी मामले तक सीमित न रहे। हेट स्पीच, तथ्यों को तरोड़मरोड़ कर प्रस्तुत करना और फेक न्यूज के ऐसे अन्य मामले भी राष्ट्रीय एकता एवं राष्ट्र के अस्तित्व एवं अस्मिता के लिये गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण है। सरकार की सख्ती जहां मेटा को ज्यादा जिम्मेदार बनाये वहीं अन्य मंचों के लिये भी सबक बने।

माफी के बाद जुकरबर्ग जैसे मालिकों को भी यह



## अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र, छात्रों के लिए की यह विशेष मांग

नईदिल्ली, (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए चल रही तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर राजधानी की स्कूल और कॉलेज के छात्रों को मेट्रो किराए में 50 प्रतिशत की सब्सिडी देने की मांग की है। उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि इस सब्सिडी का बोझ राज्य और केंद्र सरकार द्वारा 50:50 के अनुपात में वहन किया जाएगा। आइए जानते हैं केजरीवाल ने पत्र में क्या-क्या लिखा है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल की छात्रों को मेट्रो किराए में छूट देने की मांग को बेहद अहम माना जा रहा है।जाहिर सी बात है कि दिल्ली में छात्र अपने कॉलेज जाने के लिए मेट्रो का इस्तेमाल करते हैं, जिससे छात्रों को जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ता है। छात्रों को मेट्रो किराए में छूट मिलती है तो आर्थिक तंगी के चलते डीटीसी की खचाखच भरी बसों में सफर करने को मजबूर छात्रों को राहत मिलेगी। आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन करने का आखिरी दिन है। दिल्ली में 5 फरवरी को सभी 78 सीटों पर एक ही चरण में मतदान होगा और इसके बाद 8 फरवरी को चुनाव का परिणाम आएगा। इस चुनाव में आप के साथ भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला है। तीनों ही दल चुनाव प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और दिल्ली की जनता से नए-नए वादे कर उन्हें आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## ओडिशा के सीमेंट फैक्ट्री हादसे में 64 श्रमिकों को बचाया गया, 3 की तलाश जारी

भुवनेश्वर,(आरएनएस)। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर में संचालित एक सीमेंट फैक्ट्री में गुरुवार रात कोयला हॉपर (लोहे का ढांचा) गिरने के बाद मलबे में फंसे श्रमिकों में से 64 को बचा लिया गया है। हालांकि, 3 मजदूरों का अभी पता नहीं चल सका है।

फंसे हुए तीनों श्रमिकों की पहचान कर ली गई है और बचाव टीम तेजी से मलबे को हटाकर उनके निकालने के प्रयास में जुटी हुई है।

मौके पर पुलिस और शीर्ष अधिकारी डेरा जमाए हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि रात को डालमिया सीमेंट फैक्ट्री में काम चल रहा था। उसी दौरान बॉयलर में ले जाने से पहले कोयले को संग्रहीत करने के लिए बनाया गया कोयला हॉपर टूट गया। इससे 67 श्रमिक कई टन मलबे में दब गए। पुलिस ने बताया कि सूचना पर तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया और 64 श्रमिकों को बाहर निकाल लिया गया। सुशांत राउत, दशरथ पात्रा और रंजीत भोल नामक 3 श्रमिक अभी भी मलबे में फंसे हैं।राजगांगपुर के तहसीलदार जगबंधु मल्लिक ने कहा, बचाव अभियान जारी है और हम फंसे हुए 3 श्रमिकों को बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।पश्चिमी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक बृजेश राय ने कहा कि 6 अग्निशमन कर्मी और ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल की टीमें बचाव अभियान में लगी हुई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद कंपनी के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, जिससे श्रमिकों और परिवार के सदस्यों में अशांति फैल गई।

## राहुल गांधी ने देर रात किया दिल्ली एम्स का दौरा, मरीजों और परिजनों से जाना हाल

नईदिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार देर रात दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने इलाज के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की और कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर सो रहे मरीजों के परिजनों की समस्याएं भी सुनीं।

इसके बाद राहुल ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर केंद्र और दिल्ली सरकार पर मरीजों के प्रति असंवेदनशीलता दिखाने का आरोप लगाया।राहुल ने इंस्टाग्राम पर फोटो के साथ केंद्र और दिल्ली सरकार पर निशाना साधा।उन्होंने लिखा, आज मैं एम्स के बाहर उन मरीजों और उनके परिवारों से मिला, जो इलाज के लिए आए हैं। वे सड़कों, फुटपाथों और सबवे में सोने को मजबूर हैं। ठंडी जमीन, भूख और असुविधाओं के बीच मरीजों ने उम्मीद की लौ जला रखी है। केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों ही जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही हैं।

कांग्रेस ने भी राहुल के वीडियों को अपलोड कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

कांग्रेस ने एक्स पर लिखा, इलाज के लिए महीनों का इंतजार, असुविधा और सरकार की असंवेदनशीलता- ये आज दिल्ली एम्स की की सच्चाई है। हालात ये हैं कि अपनों की बीमारी का बोझ लिए दूर-दराज से आए लोग इस ठिठुरती सर्दी में फुटपाथ और सब-वे पर सोने को मजबूर हैं। मोदी सरकार और दिल्ली की सरकार ने इन्हें अपने हाल पर छोड़ रखा है।

# भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री लोकप्रिय और फ्यूचर रेडीः मोदी

## ऑटो एक्सपो 2025 के उद्घाटन में बोले पीएम



नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया. इस दौरान प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में पीएम मोदी के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे. इस दौरान पीएम मोदी ने ऑटो एक्सपो में आई गाड़ियों के बारे में भी जानकारी हासिल की.पीएम मोदी ने कहा कि पिछली बार जब मैं आपके बीच आया था तब लोकसभा के चुनाव ज्यादा दूर नहीं थे. तब मैंने आप सबके विश्वास के कारण कहा था कि अगली बार भी भारत मोबिलिटी एक्सपो में जरूर आऊंगा। देश ने तीसरी बार हमें आशीर्वाद दिया. आप सभी ने हमें यहां बुलाया. मैं इसके लिए आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं.पीएम मोदी ने कहा कि, मुझे खुशी है कि इस वर्ष भारत मोबिलिटी एक्सपो का दायरा काफी बढ़ गया है. पिछले साल 800 ज्यादा एग्जीक्यूटर्स ने हिस्सा लिया, 1.50 लाख से ज्यादा लोगों ने विजिट किया. इस बार भारत मंडपम के साथ-साथ द्वारिका के यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में भी ये एक्सपो चल रहा है. आने वाले पांच-छह दिनों में बहुत बड़ी संख्या में लोग यहां आएंगे. अनेक नई गाड़ियां भी यहां लॉन्च होने वाली हैं. ये दिखाता है कि भारत में मोबिलिटी के फ्यूचर को लेकर कितनी पॉजिटिविट है। यहां कुछ एग्जीविशिन में विजिट करने उन्हें देखने का का अवसर मुझे मिला।

पीएम मोदी ने कहा कि, भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री फैंटास्टिक भी है और फ्यूचर रेडी भी. भारत के ऑटो सेक्टर के इतने बड़े आयोजन में मैं आज रतन टाटाजी और ओसोमो सुजुकी जी को भी याद करूंगा. भारत के ऑटो सेक्टर की ग्रोथ में, मिडिल क्लास का सपने को पूरा करने में इन दोनों महानुभावों का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

मुझे भरोसा है कि रतन टाटा और ओसोमो सुजुकी जी की लेगेसी पूरे मोबिलिटी सेक्टर को इंस्पायर करती रहेगी.पीएम मोदी ने कहा कि आज का भारत एक्सप्रेसन से भरा हुआ है, युवा ऊर्जा से भरा हुआ है यही एक्सप्रेसन हमें भारत की ओटोमोटिव इंडस्ट्री में दिखाई देती है. बीते साल भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री करीब 12 प्रतिशत की ग्रोथ से आगे बढ़ी है।

## केरल की अदालत ने ग्रीष्मा को 23 वर्षीय शेरोन की हत्या का दोषी पाया, मां बरी

तिरुवनंतपुरम, (आरएनएस)। केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम की एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को 14 अक्टूबर, 2022 को अपने प्रेमी शेरोन राज को एक आयुर्वेदिक दवा में जहरीला रसायन मिलाकर जहर देकर हत्या करने वाली ग्रीष्मा नामक युवती को दोषी ठहराया है।

11 दिनों तक अपनी जिंदगी के लिए संघर्ष करने के बाद, 25 अक्टूबर, 2022 को शेरोन की जहर के कारण मौत हो गई। इस मामले में दूसरी आरोपी ग्रीष्मा की मां को बरी कर दिया गया, जबकि उसके चाचा को भी दोषी पाया गया।शनिवार को कोर्ट ग्रीष्मा और उसके चाचा दोनों को सजा सुनाएगी।फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए शेरोन राज के माता-पिता ने ग्रीष्मा की सजा पर राहत की सांस ली है। मगर वहीं उन्होंने उसकी मां को बरी किए जाने पर सवाल उठाए है।शेरोन के माता-पिता ने आंखों में आंसू भरकर कहा, हमें विश्वास था कि उसे (ग्रीष्मा) सजा मिलेगी। हालांकि, हम सजा का इंतजार करेंगे और फिर उसकी मां को दोषमुक्त किए जाने को चुनौती देने के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।मां ने ग्रीष्मा के लिए अधिकतम सजा की मांग करते हुए कहा, उसने हमारे बेटे की जान ले ली, जो हमारी जिंदगी था।ग्रीष्मा और शेरोन करीबी दोस्त थे, लेकिन ग्रीष्मा की किसी और से सगाई हो जाने के बाद उनके रिश्ते में खटास आ गई। अदालत में पेश किए गए सबूतों के अनुसार, वह ज्योतिषीय भविष्यवाणी पर विश्वास करते हुए शेरोन के साथ अपने रिश्ते को खत्म करना चाहती थी, जिसमें कहा गया था कि उसका पहला पति मर जाएगा, जिससे वह शांतिपूर्ण दूसरी शादी कर सकेगी।

## आरजी कर डॉक्टर रेप-हत्या मामले में 18 जनवरी को फैसला आने की संभावना

कोलकाता(आरएनएस)। आरजी कर डॉक्टर के रेप और हत्या मामले में सियालदह कोर्ट 18 जनवरी को अपना फैसला सुना सकता है. इस घटना ने पूरे देश और पीड़ित परिवार को झकझोर कर रख दिया है. मृतक डॉक्टर के पिता ने निष्पक्ष फैसले की उम्मीद जताते हुए कहा कि अदालत द्वारा सभी बातों पर विचार करने के बाद हमें अच्छा फैसला मिलेगा.डीएनए रिपोर्ट में अन्य लोगों (अन्य आरोपियों) की मौजूदगी की पुष्टि हुई है. दो मामले हैं, एक हाईकोर्ट में विचाराधीन है और दूसरा सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किया गया है. पीड़ित परिवार ने कहा कि वह अदालत के फैसले के बाद अगर न्याय उनके मुताबिक नहीं हुआ तो वह आगे की अदालतों में अपील करेंगे.पीड़ित डॉक्टर के पिता ने कहा कि हम अपनी बेटी के लिए सच्चा न्याय चाहते हैं. हमें जहां भी जरूरत होगी, हम जाएंगे. इस मामले में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की गई थी, जिसका शव 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार रूम में मिला था. इस घटना के बाद, अस्पताल के एक नागरिक स्वयंसेवक संजय रॉय को अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था.पिछले साल नवंबर में, सीबीआई ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में आरोप पत्र दायर किया था. आरोप पत्र में संदीप घोष और डॉ. आशीष कुमार पांडे, बिप्लब सिंहा, सुमन हाजरा और अफसर अली खान सहित अन्य लोगों को वित्तीय कदाचार में शामिल होने के लिए नामित किया गया था. कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बाद यह जांच शुरू की गई थी.भ्रष्टाचार के मामले के अलावा, संदीप घोष को हत्या के मामले में भी पूछताछ का सामना करना पड़ा. जांच के हिस्से के रूप में, सीबीआई ने उन पर पॉलीग्राफ परीक्षण किया. आरोप पत्र दाखिल करने में देरी के कारण अभिजीत मंडल और संदीप घोष सहित आरोपियों को जमानत मिल गई।



सिंगापुर गणराज्य के राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम ने ओडिशा के भुवनेश्वर में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की.

# दिल्ली से उत्तर प्रदेश तक कोहरे की चादर, कई राज्यों के लिए बारिश की चेतावनी



नईदिल्ली,(आरएनएस)। पहाड़ों में जारी बर्फबारी के कारण इस समय पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली- एनसीआर में गुरुवार को हुई झमाझम बारिश के बाद मौसम में ठंडक देखने को मिली। इससे शुक्रवार को दिल्ली में घना कोहरा छाया रहा। इससे हवाई और ट्रेन सेवा बाधित रही।

इसी तरह, उत्तर प्रदेश और बिहार समेत कई राज्यों में घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य हो गई है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने तेज ठंड और बारिश की चेतावनी जारी की है।दिल्ली में शुक्रवार सुबह कोहरे की मोटी चादर देखने को मिली। दृश्यता कम होने से 100 से अधिक उड़ाने और 27 ट्रेनों में संचालन में देरी हुई है।मौसम विभाग ने दिल्ली के न्यूनतम तापमान के 6 से 7 डिग्री तक लुढ़कने की आशंका जताई है। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा प्रशासन ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि कैट 3 मानकों का अनुपालन न करने वाली उड़ाने कोहरे से प्रभावित हो सकती हैं। दिल्ली में गुरुवार को हुई बारिश के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) भी थोड़ा सुधार देखने को मिला था, लेकिन शुक्रवार को घने कोहरे के बाद इसमें गिरावट आई है। दिल्ली में सुबह 7 बजे एक्यूआई 332 के साथ बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया।मौसम विभाग ने पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की संभावना जताई है। हिमाचल प्रदेश, कश्मीर, उत्तराखंड और लद्दाख में फिलहाल जमकर बर्फबारी हो रही है। यहां कुछ क्षेत्रों का तापमान शून्य से भी नीचे पहुंच चुका है।पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से लोगों के हाथ-पांव तक जम रहे हैं। पहाड़ से आने वाली ठंडी हवा ने पहले ही मैदानी इलाकों का तापमान गिरा दिया है। बारिश होने से मैदानी इलाकों में भयंकर शीतलहर का प्रकोप बढ़ सकता है।मौसम विभाग के अनुसार, आज तामिलनाडु और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान है। इसके अलावा जावुर, तिरुवरूर, नागपट्टनम, माइलदुथुरई, पुडुकोट्टई, पुडुचेरी, कराईकल, केरल, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़ और दक्षिणी कर्नाटक के अलग-अलग हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

## भाजपा आज जारी करेगी अपना संकल्प पत्र, महिलाओं के लिए हो सकता है बड़ा ऐलान


नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की तरफ से कई घोषणाओं के बाद शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी भी अपना संकल्प पत्र जारी करेगी. भाजपा दिल्ली के प्रदेश कार्यालय पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दोपहर दो बजे भाजपा का संकल्प पत्र जारी करेंगे. माना जा रहा है कि भाजपा द्वारा अपने संकल्प पत्र में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की जा सकती हैं. इनमें करीब 500 यूनिट फ्री बिजली, महिलाओं के लिए लाडली बहन योजना के तहत प्रतिमाह सम्मान राशि देने आदि की भी घोषणा की जा सकती है. इसके अलावा भाजपा द्वारा बिजली पानी के पुराने बकाया बिलों को माफ करने का भी वादा अपने संकल्प पत्र में किया जा सकता है.इसके अलावा दिल्ली में वायु प्रदूषण की समस्या को लेकर भी भाजपा बड़ी घोषणा कर सकती है. मौजूदा समय में दिल्ली में वायु प्रदूषण सबसे बड़ा मुद्दा है, जिसके चलते बार-बार ग्रैप के दूसरे, तीसरे या चौथे चरण की पाबंदियां लोगों को झेलनी पड़ रही हैं।

## जम्मू-कश्मीर में फिर हुई बर्फबारी

श्रीनगर,(आरएनएस)। पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में सर्दी का कहर बढ़ा दिया है। दूसरी तरफ कोहरे की दोहरी मार पड़ रही है, जिससे कई जगह तापमान 5 डिग्री के नीचे चला गया है।जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड़ और हिमाचल प्रदेश में कई जगह तापमान जमाव बिंदु के नीचे बना हुआ है। जानिए आज देश में मौसम कैसा रहेगा। कश्मीर और शिमला समेत कई ऊंचे इलाकों में गुरुवार को बर्फबारी हुई। शिमला में 1.6 सेमी हिमपात दर्ज किया गया। कई इलाकों में तापमान शून्य से 2-3 डिग्री तक चला गया है। कश्मीर में 22-23 जनवरी को बर्फबारी का अनुमान है, जबकि मैदानी और निचले इलाकों में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश में भी बर्फबारी से ठिठुरन बढ़ गई है। इस मौसम का लुत्फ उठाने के लिए भारी मात्रा में पर्यटक पहुंच रहे हैं। दिल्ली में आज सुबह से घना कोहरा छाया हुआ है और बादल छाए रहने से दिन में भी रात जैसा अंधेरा छाया हुआ है। इसके अलावा कुछ जगह आज बारिश होने के आसार हैं। शुक्रवार को यहां अधिकतम तापमान 19 और न्यूनतम 8 डिग्री तक रहने की संभावना है।कोहरे और खराब मौसम की वजह दिल्ली आने वाली ट्रेनें देरी से पहुंच रही है। दृश्यता शून्य तक पहुंचने से यहां हवाई सेवा भी प्रभावित हो रही है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सबसे ज्यादा असर उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। यहां शीतलहर के कारण जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, झांसी, मेरठ, गोरखपुर, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़ समेत कई जिलों में कोल्ड-डे की स्थिति बनी हुई है। कड़ाके की सर्दी के चलते तमाम जिलों में सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। यहां भी बारिश की संभावना जताई है, जिससे तापमान 2-3 डिग्री कम होगा।राजस्थान में पिछले 2 दिनों में हुई बारिश से सर्दी और तेज हो गई है।



# संचार साथी ऐप पहरेदार की तरह सभी को रखेगा सुरक्षित : ज्योतिरादित्य सिंधिया




नई दिल्ली(आरएनएस)। दूरसंचार विभाग ने फर्जी कॉल और मैसेज को रिपोर्ट करने के लिए संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय संचार और नॉर्थ-ईस्ट विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संचार साथी मोबाइल ऐप को लॉन्च किया।

संचार साथी मोबाइल ऐप लॉन्च पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, संचार साथी को एक ऐप के रूप में हर एक उपभोक्ता के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। इस पोर्टल की सफलता विश्वव्यापी रही है। जहां 9 करोड़ लोगों ने पोर्टल पर विजिट किया है। करीब पौने तीन करोड़ फोन को डिस्कनेक्ट किया गया है, ये वे फोन थे जो गलत तरीके से रजिस्टर्ड हुए थे या फ्रॉड में भागीदार रहे थे। 11 लाख म्यूल के अकाउंट हमने फ्रीज किए हैं और 12.50 लाख वॉट्सऐप अकाउंट भी डिस्कनेक्ट किए गए हैं।

सिंधिया ने आगे कहा, जो 25 लाख फोन चोरी किए गए थे और जिन्हें डिस्कनेक्ट किया गया था, उनमें से 15 लाख फोन को ट्रेस भी कर लिया गया है। टेक्नोलॉजी सुविधा तो देती है, लेकिन जैसे ही कोई आविष्कार होता है, कभी-कभी इसका गलत इस्तेमाल करने की कोशिश होती है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, संचार साथी ऐप एक पहरेदार की तरह सभी को सुरक्षित रखेगा। अब तक जो पोर्टल ने करके दिखाया है, वह अब फोन पर और तेज गति से होगा।

दूरसंचार विभाग की वेबसाइट संचार साथी पर फ्रॉड से जुड़ी शिकायत चक्षु पोर्टल पर करने की सुविधा मिलती है। इसके अलावा, स्मार्टफोन यूजर फोन चोरी या गुम होने पर इसे ब्लॉक करवा सकते हैं। इस पोर्टल में दो महत्वपूर्ण मॉड्यूल शामिल हैं, जिन्हें सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) और टेलीकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन (टीएएफसीओपी) के रूप में जाना जाता है। दूरसंचार विभाग की इस सुविधा का इस्तेमाल अब मोबाइल पर ऐप के जरिए किया जा सकता है।




शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के सदस्यों ने अमृतसर में अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की रिलीज के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## कोटा में नीट छात्र ने फंदे से झूलकर की आत्महत्या, इस साल तीसरा मामला

जयपुर,(आरएनएस)। राजस्थान की कोचिंग नगरी कोटा में छात्रों के आत्महत्या करने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब विज्ञाननगर थाना इलाके में संयुक्त प्रवेश पात्रता परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक 18 वर्षीय छात्र ने अपने कमरे में फंदे से झूलकर जान दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। पुलिस अब आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

पुलिस ने बताया कि ओडिशा निवासी छात्र विज्ञाननगर इलाके में किराए पर रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। गुरुवार शाम को कमरे में जाने के बाद वह खाने के लिए बाहर नहीं आया।मकान मालिक के दरवाजा खटखटाने पर भी उसने नहीं खोला। इस पर जब खिड़की खोलकर देखी तो वह फंदे से झूलता मिला।

# पलक तिवारी के लेटेस्ट लुक ने इंटरनेट पर मचाया बवाल, पिंक आउटफिट में एक्ट्रेस ने जमकर दिए पोज



किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका कातिलाना लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक बार फिर से अपनी हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो जल्दी ही वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट लुक देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस पलक तिवारी ने पिंक कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही बोल्ड एंड ब्यूटिफुल नजर आ रही हैं।बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका कातिलाना अवतार दिखते ही इंटरनेट पर तबाही मच जाती है।बताते चलें पलक तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनका हर एक स्टाइल लोग अच्छे से फॉलो करते हैं।

### अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2ः द रूल रीलोडेड पर बिग ऑफर, 20 मिनट एक्स्ट्रा वर्जन को सिनेमा डे पर 112 रु में देखें

पुष्पा 2: द रूल, जिसमें अल्लू अर्जुन मुख्य भूमिका में हैं, भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा ब्लॉकबस्टर बन चुकी है, जिसने रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. निर्देशक सुकुमार की बेहतरीन निर्देशन क्षमता, अल्लू अर्जुन का दमदार प्रदर्शन और रश्मिका मंदाना की प्रभावशाली अदाकारी ने इस फिल्म को सांस्कृतिक प्रतीक बना दिया है.

फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में पुष्पा 2 का एक रिलोडेड संस्करण का एलान किया है, जिसमें 20 अतिरिक्त मिनट के अनन्य नए दृश्य शामिल हैं. यह नया संस्करण 17 जनवरी से सिनेमाघरों में देखने को मिलेगा. इसके साथ ही, निर्माताओं ने यह भी घोषणा की है कि प्रशंसक इस इंडस्ट्री हिट फिल्म को उत्तर भारत में मात्र 112 रुपये की किफायती कीमत पर देख सकते हैं, जो सिनेमा प्रेमियों के लिए एक शानदार ट्रीट साबित होगी.निर्माताओं ने इस खबर को शेयर करते हुए लिखा, सिनेमा प्रेमी दिवस मनाएं पुष्पा 2: द रूल रिलोडेड वर्जन के साथ, 17 जनवरी से, भारतीय सिनेमा की इस इंडस्ट्री हिट को उत्तर भारत में सिर्फ ?112 की किफायती कीमत पर देखें. वहीं, पूरे निजाम में मल्टीप्लेक्स में यह दाम 150 रुपये है.

पुष्पा 2: द रूल का यह रिलोडेड संस्करण, जिसमें 20 अतिरिक्त मिनट के फुटेज जोड़े गए हैं, अधिक दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर आकर्षित करेगा. टिकट की कीमत में की गई कटौती इसे और भी अधिक सुलभ बनाएगी,

# एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दमखम दिखाएगी काजोल सोलंकी

काजोल सोलंकी एक बेहतरीन मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट और मॉडल है। हाल ही में इन्हें वड़ोदरा में निधि फाउंडेशन की ओर से ब्यूटी सेलिब्रिटी आवर्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड इन्हें मशहूर टीवी अभिनेत्री रुपाली गांगुली के हाथों मिला। अहमदाबाद में सम्पन्न हुए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी काजोल सम्मानित हुई हैं। यह अवार्ड इन्हें महाभारत में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले एक्टर सुरेंद्र पाल के हाथों प्राप्त हुआ।

काजोल बेहद मेहनती और प्रतिभावान है। उन्होंने बताया कि वह एक के बाद एक ऐसे विशेष अवार्ड मिलने से बेहद प्रसन्न और उत्साहित है। काजोल सोलंकी ब्यूटी पार्लर और मेकअप का काम बेहद पसंद है। अप एक्टिंग के बाद अब म्यूजिक में दम कम दिखाएंगे काजल सोलंकी ने दम पर इन्होंने अपने हुनर को संवारा और आज वह कई मॉडल्स का मेकअप और हेयर स्टाइल का काम करती है। यह काम करते हुए वह इतनी पारंगत हो गई कि उन्होंने खुद मॉडलिंग शुरू कर दिया। हॉल ही में वियतनाम में इन्होंने रैम्प वॉक किया, साथ ही कई शो में वह रैम्प वॉक कर चुकी हैं। अब वह अभिनय में भी आ रही हैं, जनवरी माह में उनकी म्यूजिक वीडियो लॉन्च होने वाली है।

काजोल सोलंकी अहमदाबाद की रहने वाली है। इन्हें इनके परिवार का प्यार और सपोर्ट दोनों मिला है। जिन्हें ट्रेवलिंग और ट्रेकिंग करना पसंद है। भगवान शिव में इनकी बड़ी आस्था है और यह सारे ज्योतिर्लिंग और शिव जी के स्थानों का दर्शन करना चाहती हैं। इस कड़ी में वह आठ ज्योतिर्लिंग, पशुपति नाथ और कई मंदिरों का दर्शन कर चुकी हैं। वह अपनी गुरु गिरिजा पटेल का बहुत सम्मान करती हैं, जिन्होंने मेकअप और हेयर स्टाइल सिखाया। वह बॉलीवुड में अभिनेता सलमान खान और अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की बहुत बड़ी फैन है। काजोल अपने बड़े भाई को अपना आदर्श मानती है। उनके बड़े भाई हमेशा काजोल का मार्गदर्शन करते हैं और हर परिस्थिति में साथ देते हैं।

काजोल सोलंकी ने बताया कि आज वह जिस मुकाम पर है वहाँ तक का सफर तय करने के लिए कड़ी मेहनत की है और आज उनका धैर्य और मेहनत रंग ला रही है। उन्होंने इंडस्ट्री के बारे में कहा कि यहाँ पॉजीटिविटी और निगेटिविटी दोनों है। यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या चूज़ करते हो। सकारात्मकता के साथ रहोगे तो देर से ही सही पर आपकी मंजिल जरूर मिलेगी। साथ ही आप काम ऐसा करो कि आपके परिवार और समाज को आप पर गर्व महसूस हो।



### अजीत कुमार की विदामुयार्ची का ट्रेलर रिलीज, अजित कुमार-तृषा कृष्णन की दिखा शानदार केमिस्ट्री, अनिरुद्ध का सस्पेंसफुल म्यूजिक




तमिल सुपरस्टार अजित कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म विदामुयार्ची के निर्माताओं ने बताया है कि फिल्म का ट्रेलर आज यानी 16 जनवरी को रिलीज किया जाएगा. यह एक्शन थ्रिलर, जिसे पहले 10 जनवरी, 2025 को रिलीज किया जाना था, लेकिन किसी वजह से इसे पोस्टपोन करते हुए अब 6 फरवरी, 2025 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज किया जा रहा है.

अजित कुमार इस बार हाई ऑक्टेन एक्शन के साथ ही थ्रिलर कहानी और भरपूर सस्पेंस लेकर आए हैं. इसके साथ ही ट्रेलर में अजित और तृषा की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है. ट्रेलर में देखकर लग रहा है कि अजित अपनी गुमशुदा वाइफ को ढूंढने दूसरे देश जाते हैं और वहां उनका सामना नामची गुंडो से होता है. जिसके बाद सस्पेंस भरा अनिरुद्ध का म्यूजिक और पावर पैक्ड एक्शन सीन कमाल के हैं. ट्रेलर हमें एक शानदार सस्पेंस थ्रिलर होने की उम्मीद देता है.चेन्नई में वेट्री थिएटर के मालिक ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म की नई रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी.

# शाहिद कपूर की फिल्म देवा का पहला गाना भसड़ मचा रिलीज, मीका सिंह ने लगाए सुर

अभिनेता शाहिद कपूर पिछले कुछ समय से फिल्म देवा को लेकर चर्चा में हैं। इसे लेकर दर्शकों का उत्सह तभी बढ़ गया था, जब फिल्म से शाहिद की पहली झलक सामने आई थी।



पिछले दिनों देवा का टीजर रिलीज हुआ, जिसे देख फिल्म की रिलीज को लेकर लोगों का उत्साह दोगुना हो गया।शाहिद के प्रशंसकों ने पहले ही इस फिल्म को ब्लॉकबस्टर बता दिया है।अब देवा का पहला गाना भसड़ मचा भी रिलीज हो गया है।फिल्म के गाने में शाहिद के साथ-साथ लीड हीरोइन पूजा हेगड़े ने ऐसा धमाकेदार डांस किया है, जिसे देखकर आप भी खुद को थिरकने से रोक नहीं पाएंगे।गाने में शाहिद की मस्ती और जोश देखने लायक है।भसड़ मचा गाने को मीका सिंह, विशाल मिश्रा और ज्योतिका तंगरी ने अपनी आवाज दी है। विशाल मिश्रा का म्यूजिक और राज शेखर के लिखे बोल इसे खास बनाते हैं।फिल्म के इस पार्टी नंबर पर लोग खूब प्यार लुटा रहे हैं।इस गाने में जहां एक ओर पूजा और शाहिद की जोड़ी जबरदस्त लग रही है, वहीं शाहिद का स्वैग देखकर प्रशंसकों को उनकी फिल्म कमीने की याद आ गई है।देवा का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स के बैनर तले यह फिल्म बनी है। देवा 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।शाहिद फिल्म में एक पुलिस अधिकारी तो पूजा पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी।

## फिल्म राजाकार 24 जनवरी को ओटीटी पर होगी रिलीज, अहा प्लेटफॉर्म पर होगी स्ट्रीम

तेलुगू ऐतिहासिक ड्रामा राजाकार: द साइलेंट जेनोसाइड ऑफ हैदराबाद 24 जनवरी, 2025 से अहा पर ओटीटी रिलीज होने जा रही है. इस फिल्म का निर्देशन यता सत्यनारायण ने किया है और यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हैदराबाद के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटनाओं को दर्शाती है. पहले इसे जी5 पर डिजिटल रिलीज करने की योजना थी, लेकिन अब इसे अहा पर स्ट्रीम किया जाएगा. यह फिल्म दर्शकों को पोस्ट-पोंगल एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन विकल्प प्रदान करेगी.फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को हैदराबाद राज्य की राजनीतिक उथल-पुथल में डुबो देता है, खासकर 1947 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद के घटनाक्रमों में. फिल्म में निज़ाम के प्रति वफादार एक पैरा-मिलिट्री ग्रुप राजाकार और उनके खिलाफ उठ खड़े प्रतिरोध आंदोलनों को दिखाया गया है. ऑपरेशन पोलो से जुड़े घटनाक्रमों और आम जनता की कठिनाइयों के बारे में यह फिल्म गहरी जानकारी देती है.इस फिल्म का निर्माण गुडुर नारायण रेड्डी द्वारा समरवीर क्रिएशन एलएलपी के तहत किया गया है. फिल्म में प्रमुख भूमिकाओं में बॉबी सिम्हा, तेज़ सप्रू, मकरंद देशपांडे, राज अर्जुन और वेधिका जैसे कलाकार हैं. इसके अलावा, फिल्म की सिनेमैटोग्राफी कुशेंदर रमेश रेड्डी ने की है, जबकि संपादन तम्मिराजू ने किया है, जो फिल्म के दृश्य और कथा को बेहद प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करते हैं. फिल्म को लेकर समीक्षाएँ मिली-जुली रही हैं. कुछ आलोचकों ने इसके साहसिक कहानी कहने की तारीफ की, वहीं कुछ ने ऐतिहासिक तथ्यों की सटीकता पर सवाल उठाए. फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन मध्यम रहा, लेकिन इसके विवादास्पद विषय ने दर्शकों और आलोचकों के बीच बहस को जन्म दिया.

# डार्क चॉकलेट खाने से मधुमेह का खतरा कम हो सकता है, लेकिन दूध से नहीं

*एक दीर्घकालिक अमेरिकी अध्ययन के अनुसार, सप्ताह में पांच बार डार्क चॉकलेट खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है, न कि दूध वाली चॉकलेट।बीएमजे में प्रकाशित, शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि दूध वाली चॉकलेट का अधिक सेवन, लेकिन डार्क चॉकलेट का नहीं, दीर्घकालिक वजन बढ़ने से जुड़ा था।चॉकलेट में फ्लेवेनॉल्स (फलों और सब्जियों में पाया जाने वाला एक प्राकृतिक यौगिक) की उच्च मात्रा होती है, जो हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और मधुमेह के जोखिम को कम करने में सहायक होता है।लेकिन असंगत परिणामों के कारण चॉकलेट के सेवन और टाइप 2 मधुमेह के जोखिम के बीच संबंध विवादास्पद बना हुआ है। इसके अतिरिक्त, अधिकांश पिछले अध्ययनों में यह नहीं देखा गया कि डार्क और मिल्क चॉकलेट - जिनमें कोको, दूध और चीनी की मात्रा अलग-अलग होती है - खाने से टाइप 2 मधुमेह के जोखिम पर अलग-अलग प्रभाव पड़ सकता है या नहीं।*

इस पर आगे अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने महिला नर्सों और पुरुष स्वास्थ्य पेशेवरों पर किए गए तीन दीर्घकालिक अमेरिकी अवलोकन अध्ययनों के आंकड़ों को संयुक्त किया, जिनमें भर्ती के समय मधुमेह, हृदय रोग या कैंसर का कोई इतिहास नहीं था।

उन्होंने 25 वर्षों की औसत निगरानी अवधि में 192,208 प्रतिभागियों के लिए टाइप 2 मधुमेह और कुल चॉकलेट उपभोग के बीच संबंधों का विश्लेषण किया, तथा 111,654 प्रतिभागियों के लिए चॉकलेट उपप्रकार (डार्क और दूध) उपभोग का विश्लेषण किया।

सम्पूर्ण चॉकलेट के विश्लेषण में 18,862 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।

व्यक्तिगत, जीवनशैली और आहार संबंधी जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, लेखकों ने पाया कि जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार किसी भी प्रकार की चॉकलेट खाते हैं, उनमें टाइप 2 मधुमेह की दर उन लोगों की तुलना में 10 प्रतिशत कम देखी गई, जो



कभी-कभार या कभी भी चॉकलेट नहीं खाते थे।

चॉकलेट उपप्रकारों के विश्लेषण से पता चला कि 4,771 लोगों में टाइप 2 मधुमेह विकसित हुआ।समान जोखिम कारकों को समायोजित करने के बाद, जो लोग सप्ताह में कम से कम पांच बार डार्क चॉकलेट खाते थे, उनमें टाइप 2 मधुमेह का जोखिम 21 प्रतिशत कम हो गया, लेकिन दूध चॉकलेट के सेवन के साथ कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया।

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि डार्क चॉकलेट की प्रत्येक अतिरिक्त साप्ताहिक खुराक से टाइप 2 मधुमेह का खतरा 3 प्रतिशत कम हो जाता है।

शोधकर्ताओं ने कहा, निष्कर्षों की पुष्टि करने और डार्क चॉकलेट के सुरक्षात्मक प्रभाव के कारणों की पहचान करने के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता है।

## केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते हैं ये संकेत, भूलकर न करें इग्नोर



एक अनुमान के मुताबिक हर साल करीब 17.9 मिलियन लोग दिल की बीमारी से मर जाते हैं. इसमें से करीब 85त्न लोग दिल का दौरा पड़ने या फिर स्ट्रोक आने की वजह से दम तोड़ देते हैं. यूं तो ये बात कई शोध में साबित हो चुकी है कि पुरुषों में महिलाओं की तुलना में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ज्यादा होता है. लेकिन बीते कुछ सालों में महिलाओं में भी ये समस्या बढ़ती जा रही है. हार्ट अटैक के ज्यादातर लक्षण महिला और पुरुष में एक जैसे होते हैं. लेकिन क्या आपको पता है केवल महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के दिखते कुछ संकेत बिल्कुल अलग होते हैं. क्या हैं वो संकेत, आइए जानते हैं इसके बारे में.

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने के लक्षण

महिलाओं में दिल का दौरा पड़ने पर पुरुषों की तरह कई बार सीने में तेज दर्द नहीं होता है. बल्कि उन्हें कुछ हल्के संकेत ही दिखाई दे सकते हैं. जैसे कई बार महिलाओं को सीढ़ियां चढ़ते समय सीने में दर्द जैसा महसूस होता है या फिर हल्के काम करने के बाद भी सांस लेने में तकलीफ होती है. डॉ. राजीव सेठी बताते हैं कि ऐसा अगर आपके साथ बार-बार हो रहा है तो इसे नजर अंदाज न करें.

### दिल की बीमारी होने पर महिलाओं में दिखते हैं ये संकेत

चक्कर आना
निचली छाती में दर्द
ऊपरी पेट में दर्द
अत्यधिक थकान
सांस की तकलीफ
मतली/उल्टी
पीठ या जबड़े में दर्द

महिलाएं हार्ट अटैक से कैसे करें बचाव?

महिलाओं को समय-समय पर अपना हेल्थ चेकअप कराते रहना चाहिए. कोई भी लक्षण लंबे समय तक दिखने पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें. मेनोपॉज के दौरान महिलाओं को ज्यादा सावधान रहना चाहिए. हेल्दी डाइट अपनाएं और रोजाना एक्सरसाइज जरूर करें. रात में देर तक जागने की बजाय जल्दी सोएं.

## नर्मदा जयंती, रामजीबाबा मेला

# प्रभारी मंत्री कलेक्टर की बैठक पहले हो गई नगर पालिका को बाद में याद आया

### नपा के सामान्य सम्मेलन में नर्मदा जयंती, रामजीबाबा मेला, नर्मदा लोक कारीडोर, और विकास कार्य पर जोर






### रामजी बाबा मेले में एक सप्ताह पहले दुकानें आवंटित करने का लिया निर्णय

नर्मदापुरम (निप्र) । नगरपालिका परिषद का विशेष सम्मेलन शुक्रवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में नर्मदा जयंती, रामजीबाबा मेला, नर्मदा महालोक कारीडोर के साथ वार्डों में विकास कार्य पर जोर दिया गया। पक्ष प्रतिपक्ष के पार्षदों ने कुछ बिंदू उठाए। कुछ नौंक झौक भी हुई। पिछले दिनों कलेक्टर सभाकक्ष में नर्मदा जयंती रामजीबाबा मेला को लेकर बैठक हो चुकी है। उसके बाद नपा में बैठक हुई। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नेता प्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया सहित सभापति गण पार्षदगण उपस्थित रहे। बैठक में रखे गए 14 प्रस्ताव सहित 6 अन्य प्रस्ताव पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में शहर के वार्डों में स्वच्छता को लेकर चर्चाएं हुई। पार्षदों ने साफ सफाई को लेकर सवाल किए। पार्षदों को वार्ड में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों की सूची पढ़कर बताई गई।

#### पीआईसी के निर्णय रखे गए

पीआईसी की बैठक में पारित हुए निर्णयों के अनुमोदन किए गए। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस नियमानुसार मनाई जाएगी। अमृत 2.0 योजनांतर्गत ओएचटी बनाने हेतु पुराने तहसील के पास स्थित पुरानी पानी की टंकी एक टंकी से लगा जल प्रदाय का जीण.र्शीर्ण स्टोर को तोड़ने की स्वीकृति। ट्रेंचिंग ग्राउंड की भूमि के उपयोग के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। नर्मदा लोक कॉरीडोर निर्माण हेतु राशि 20,00 करोड़ की डीपीआर स्वीकृत। बस स्टैंड का यात्री प्रतीक्षालय एवं दुकानें हटाने तोड़ने का प्रस्ताव। भोपाल चौराहा पर नगर पालिका की पूर्व निर्मित चुंगी चौकी हटाने का प्रस्ताव। मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों में नाला निर्माण राशि 15,00 करोड़ की डीपीआर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किए गए। वार्षिक बिल्डिंग मटेरियल की दरों के अनुमोदन कायाकल्प योजनांतर्गत वार्ड क्र 32 में खोजनपुर में एनएच.69 भोपाल रोड से कब्रिस्तान रोड जो कृषक की भूमि से गुजरती है। कृषकों की प्राप्त अनापत्ति एवं वार्डवासियों की रोड की मांग पर भविष्य में मुआवजा न लेने की सहमति पर रोड बनाने का प्रस्ताव पारित हुए।

#### अमृत 2.0 योजनांतर्गत

ग्वालटोली में प्रस्तावित खंडहर भवन पर टंकी निर्माण के स्थान पर बंगाली कॉलोनी स्थित नगर पालिका का निर्माण पर सर्वसम्मति से पारित। सरस्वती नगर रसूलिया के स्थान पर कंचन नगर में टंकी निर्माण होगा। बीटीआई रोड के स्थान पर दशहरा मैदान पर ओएचटी निर्माण प्रस्ताव और वार्ड क्र 05 मुख्य बाजार स्थित जय स्तंभ के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पार्षद संतोष उपाध्याय कहा कि नर्मदा लोक की डीपआर में इतनी राशि खर्च क्यों की जा रही है।

उन्होंने कहा कि नपा की निधि का दुरूपयोग मत करो जो जायज वैसा कार्य किया जाए। रोड पर रोड बनाने की बजाए जहां पर रोड नहीं है वहां बनाए जाएं। किसी को व्यक्तिगत फायदा नहीं पहुंचाया जाए। सफाई को लेकर-पार्षद दीपिका राठौर ने सवाल किए। पार्षद राजकुमारी मेषकर ने टंकी ऊपरी सहत पर अच्छे से बनाने की बात कही।

## समेरिटन्स स्कूल माखननगर की छात्रा सिद्धि राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयनित



नर्मदापुरम। माखन नगर (निप्र)। समेरिटन्स स्कूल आंजनेय परिसर माखननगर की कक्षा 12वीं की होनहार छात्रा सिद्धि दुबे का चयन राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह राजस्थान के उदयपुर में 29 जनवरी से 3 फ़रवरी तक आयोजित होने वाली 68वीं राष्ट्रीय स्तर शालेय क्रिकेट ;19बालिका वर्गद्ध प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। सिद्धि की इस उपलब्धि पर डायरेक्टर डॉण् आशुतोष कुमार शर्माए प्राचार्य जागृति सिंह एवं शाला परिवार के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रदान की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राहियों को भूमि स्वामी अधिकार अभिलेख के वितरण हेतु खण्ड स्तरीय कार्यक्रम 18 जनवरी को

नर्मदापुरम(निप्र)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, माखननगर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के संपत्ति कार्डो का वितरण 18 जनवरी को किया जाना है। तत्संबंध में विधायक, विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर के तत्वधान में 18 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे से ग्राम पंचायत बज्जरवाडा में खण्ड स्तरीय स्वामित्व योजना भू-अधिकार अभिलेख का वितरण किया जाएगा। स्वामित्व योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को भूमिस्वामी अधिकार अभिलेख का वितरण सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री जी के वीडियो कान्फ्रेंस प्रसारण उपरान्त किया जाएगा।

# सरकारी नौकरों पर नहीं लग रही लगाम, जनप्रतिनिधियों को दिखा रहे ठेंगा, तबादला नीति में शिथिलता के चलते कर रहे मनमानी

### -दर्जनों शासकीय नौकरों को दिखाया जाना चाहिए जिले से बाहर का रास्ता, शासकीय कार्यक्रमों में चुने हुये जनप्रतिनिधियों की होती जा रही अवहेलना

नर्मदापुरम (निप्र)। सोहागपुर ।जिले में सरकारी नौकरों की नौकरशाही चरम पर है। कुछ समय पूर्व जिला पंचायत की अध्यक्ष व अन्य जिला पंचायत सदस्य जो जिले के तमाम क्षेत्रों से चुने हुए जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों की मनमानी के चलते जिला पंचायत की बैठक का बहिस्कार किया था। ज्ञापन भी दिया था। लेकिन ऐसे ज्ञापनों को सरकारी नौकर कूढ़े के ढेर में फेंक देते हैं। प्राय: ज्ञापनों का हश्र क्या होता है किससे छिपा है। सिर्फ एक खानापूर्ति रह जाते हैं। होती रहती है सरकारी नौकरी की मनमानी। उसे कम कराने वाले मर्दों की जरूरत है। यदि उसी समय उस ज्ञापन पर संज्ञान लिया होता तो फिर सोहागपुर के जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने की जरूरत नहीं पड़ती। इन नौकरों पर लगाम नहीं लग रही है। इस कारण मनमानी बढ़ती जा रही है।

#### सोहागपुर के जनप्रतिनिधियों को भी देना पड़ा ज्ञापन

सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल जनपद उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य दौलत राम पटेल

#### चुने हुए जनप्रतिनिधियों को देना पड़ रहा ज्ञापन

जनपद पंचायत सदस्य डाली शर्मा ने ज्ञापन देते हुए अपनी पीडा व्यक्त की है कि हमारे क्षेत्र में होने वाले शासकीय कार्यक्रमों में जैसे स्कूलों में साइकिल वितरण समारोह, भूमिपूजन एवं लोकार्पण जैसे कार्यक्रमों में निमंत्रण पत्र एवं भूमिपूजन लोकापर्ण पट्टियों में नाम नहीं दिए जा रहे हैं जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने बताया कि 17 जनवरी को सेमरी हरचंद में पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में हमें नहीं बुलाया गया है। इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। अपमान हुआ है। शासकीय नियमों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। मजबूर होकर इस संबंध में नर्मदापुरम जिला मुख्यालय जाकर कलेक्टर सोनिया मीणा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत के नाम ज्ञापन सौंपा गया है हालांकि किसी कारण से दोनों अधिकारी नहीं मिले लेकिन ज्ञापन सौंप कर पावती ले ली गई है। इन जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया है कि इसी मुद्दे को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य जिला पंचायत सदस्यों ने अधिकारियो की मनमानी के चलते जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार कर चुके हैं। कमिश्नर एवं कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था। लेकिन उन्होंने भी कोई ध्यान नहीं दिया। इन जनप्रतिनिधियो का कहना है कि अधिकारियों की कार्य प्रणाली में कोई सुधार नहीं आ रहा है।

इन जनप्रतिनिधियों ने ज्ञापन में ध्यान आकर्षित कराते हुए बताया है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम नहीं दिए गए लेकिन भाजपा के मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय को विशेष अतिथि बनाया गया हैं। जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि जिन संबंधित अधिकारियों ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही ज्ञापन में उक्त कार्यक्रम को निरस्त करते हुए भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में ध्यान रखा जाएं। अन्यथा हम जनप्रतिनिधि धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौपते समय जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य दौलत राम पटेल एवं जनपद सदस्य शामिल रहे।

# इटारसी का पुराना बस स्टैंड बैरीकेटिंग लगाकर किया गया बंद

### अब नए बस स्टैंड से ही होगा बस संचालन



नर्मदापुरम (निप्र) । सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 17 जनवरी शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं एसडीएम प्रतीक राव के नेतृत्व में आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान एवं यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा तथा टीम के द्वारा इटारसी स्थित पुराने बस स्टैंड को पूर्णत: बैरीकेटिंग करके बंद कर दिया गया तथा नए बस स्टैंड से सभी तरह के मार्गों पर चलने वाली बसों का संचालन शुरू कराया गया। इसके पूर्व अधिकारियों द्वारा बस संचालकों, एजेंटों, ऑटो चालकों एवं यात्रियों नए तथा पुराने बस स्टैंड को लेकर चर्चा की गई तथा होने वाली सुविधा एवं और सुविधा की जानकारी ली गई, ऑटो चालकों को नए एवं पुराने बस स्टैंड के मध्य निर्धारित किराया यात्रियों से लेना सुनिश्चित किया गया, एसडीएम के द्वारा इटारसी सीएमओ को नए बस स्टैंड में व्यवस्था को जांचने के निर्देश दिए गए ताकि नए बस स्टैंड में यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नए बस स्टैंड में आए यात्रियों का स्वागत एसडीम, आरटीओ एवं यातायात डीएसपी के द्वारा मिठाई खिलाकर किया गया एवं यात्रियों से चर्चा भी की गई। एसडीएम प्रतीक राव ने बताया कि नए बस स्टैंड से ही सभी बसों का संचालन किया जाएगा एवं नए बस स्टैंड में सभी प्रकार की व्यवस्थाओं को पूर्ण रखा जाएगा । नए बस स्टैंड में सीसीटीवी कैमरे, लाइट एवं पानी, शौचालय की व्यवस्था अच्छी तरह से की गई है, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा एवं पुराने बस स्टैंड में लगने वाले जाम से इटारसी वासियों को राहत मिलेगी, पुलिस का गश्ति दल रात्रि में लगातार गस्त करेगा। आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान एवं डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि इटारसी से आने तथा जाने वाली बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा एवं किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर उसका निराकरण शीघ्रता से किया जाएगा। ऑटो चालकों को हिदायत दी गई है कि नए बस स्टैंड एवं पुराने बस स्टैंड के बीच निर्धारित किराया ही लिया जाए।

## नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण समारोह आज

इटारसी(निप्र)। वार्ड क्रमांक 26 इटारसी में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का 'लोकार्पण समारोह 18 जनवरी दिन शनिवार को सुबह 11 बजे डॉ सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम. इटारसी' व पूर्व अध्यक्ष मप्र विधानसभा के मुख्य आतिथ्य में होने जा रहा है। नपाध्यक्ष पंकज चौरे ने 'लोकार्पण समारोह में सभी को उप्स्थित होने का आग्रह किया है।

# द चेम्पस फन स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव आज से

### विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं में विशेष उत्साह

नर्मदापुरम (निप्र)। द चेम्पस फन स्कूल में आज से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। स्कूल प्राचार्य डॉ आशीष चटर्जी, डायरेक्टर सुभाषीष चटर्जी ने बताया कि विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आज से प्रारंभ हो रहे है। जिसमें प्रथम दिवस विद्यार्थियों के बहुत सी प्रतियोगिताएं और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा तथा द्वितीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। प्रथम दिवस 18 जनवरी को प्रतियोगिताएं होने के साथ ही पुरूस्कार वितरण समारोह 1 बजे से होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव रहेंगी। वहीं समारोह की अध्यक्षता स्कूल की समिति के अध्यक्ष पीके चटर्जी करेंगे। विशेष अतिथि शहर के वरिष्ठ डॉक्टर अतुल सेठा रहेंगे। द्वितीय दिवस 19 जनवरी को वार्षिकोत्सव समरोह में मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। अध्यक्षता राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया करेंगी। विशेष अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन, सतपुड़ा टाईगर रिजर्व की डायरेक्टर श्रीमती राखी नंदा रहेंगी। वार्षिकोत्सव को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षक शिक्षिकाओं में विशेष उत्साह बना हुआ है। विद्यालय में पिछले एक सप्ताह से विशेष तैयारी हो रही है। प्राचार्य ने पालकों, मीडिया व अन्य गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का आव्हान किया है।

## शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत किया गया सेमिनार का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में भारतीय वायुसेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्नि वीर वायु के प्रचार प्रसार एवं जागरूकता हेतु सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में भोपाल से भारतीय वायु सेवा के अग्नि वीर योद्धा सार्जेंट डीएस राणा और कॉरपोरेट के आशुतोष के द्वारा भारतीय सेवा में भर्ती हेतु सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा छात्रों को पावर पॉइंट के माध्यम से भारतीय सेवा में भर्ती के लिए स्टेप वाइज क्रमबद्ध तरीके से सिलेक्शन विधि को समझाया गया। उन्होंने बताया कि भारतीय सेवा में भर्ती के लिए बहुत ही सरल प्रक्रिया के माध्यम से करियर बनाया जा सकता है। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आरके रघुवंशी के द्वारा विद्यार्थियों को सेवा में करियर हेतु समझाया गया और किस प्रकार विभिन्न माध्यमों से शासकीय सेवा में अपना रोजगार पाने के लिए जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय अधिकारी धर्मेश तिवारी द्वारा जिला रोजगार के माध्यम से रोजगार पाने और इसकी सूचना किस प्रकार विद्यार्थी को प्राप्त हो की विधि बताई गई।

## किसानो को जागरुक करने गांव-गांव में किया जा रहा किसान खेत पाठशाला का आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार रबी मौसम 2024-25 में गेंहू फसल कटाई उपरांत जिले के ग्रामो में नरवाई (पराली) में आग लगने की घटनाओं को नियंत्रित करना एवं नरवाई में आग लगने के दुष्परिणामों व पर्यावरण को होने वाली क्षति से कृषको को जागरूक करने, ग्रीष्मकालीन मूंग के प्रतिस्थापन व वैकल्पिक फसलें चयन करने एवं संतुलित उर्वरक प्रबंधन के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम में 15 जनवरी 2025 से निरंतर प्रत्येक ग्राम में किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जे.आर.हेड़ाऊ ने बताया है कि किसान खेत पाठशालाओं के माध्यम से नरवाई का उचित प्रबंधन के अंतर्गत सुपर सीडर/हैप्पी सीडर से फसलों की बुआई करने, सिंचाई जल के उचित प्रबंधन में ड्रिप, स्प्रिंकलर, को बढ़ावा देना, ग्रीष्मकालीन मूंग के स्थान पर मक्का, उड़द, तिल एवं सोयाबीन फसल अपनाने हेतु कृषको को जागरूक करना, किसानो को मृदा परीक्षण के महत्व और मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जैविक उर्वरको के उपयोग के विषय में जानकारी के साथ-साथ कृषि से सम्बद्ध अन्य विभाग जैसे पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा सहकारिता विभाग के माध्यम से तकनीकी एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ कृषको का उत्साहवर्धन करते हुए लाभ लेने की सलाह देना आदि कार्य संपादित किये जा रहे है।

## जनकल्याण शिविर में श्रमिको का हुआ पंजीयन



नर्मदापुरम (निप्र) । सहायक श्रमायुक्त नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम ने बताया कि शुक्रवार 17 जनवरी को ग्राम पंचायत कुलामढी तहसील नर्मदापुरम में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित शिविर में श्रमपदाधिकारी श्रीमती वर्षा इरपाचे नर्मदापुरम उपस्थित हुई। उक्त शिविर में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत श्रमिक आकाश, अनोखेलाल, अनिरुद्ध, जयप्रकाश, श्रीमती ज्योति, देवेन्द्र पटेल, प्राची/प्रेमनारायण यादव, विनोद, गंगाधार, श्रीमती माया, शिवकुमार, धनंजय चौरे, नारायण चौरे, विजय मौरे, राधेश्याम मौरे, पूजा गढवाल, मुकेश, अंजू चौरे, पवन चौरे कुल 11 श्रमिकों को पंजीयन का वितरण किया गया।

# जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर में बुजुर्गों का आयु परीक्षण कर वास्तविक उम्र ज्ञात की गई




नर्मदापुरम (निप्र) । शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में हितग्राही की आयु एक महत्वपूर्ण आयाम है। विगत समय शासन के निर्देशानुसार सभी हितग्राहियों की ईकेवायसी की प्रक्रिया पूर्ण की गई है। जिसमें बहुत से हितग्राहियों की आयु आधार में कम उल्लेख होने के कारण उनकी पेंशन बंद हो गई थी। ऐसे में हितग्राही बहुत परेशान हो रहे थे। उक्त समस्या को देखते हुए कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के तत्वधान में जिला चिकित्सालय में शिविर आयोजित कर उन बुजुर्गों जिनके पास उनकी जन्म तिथि का कोई प्रमाण पत्र नहीं होने एवं कोई मार्कशीट ना होने पर उनकी उम्र का वास्तविक आंकलन नहीं हो पा रहा था। ऐसे बुजुर्गों का स्केल और स्टेण्डम के एक्सरे कर वास्तविक उम्र ज्ञात की गई एवं बुजुर्गो को उनकी उम्र की जानकारी दी गई। बुजुर्गो को आयु संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसके आधार पर वे अब जन्म प्रमाण पत्र बनवा सकते है एवं आधार में भी अपनी वास्तविक आयु जुडवा सकते है। उल्लेखनीय है कि कई बुजुर्गो के आधार कार्ड में उनकी वास्तविक उम्र दर्ज नही थी। ऐसे बुजुर्ग काफी संख्या में शिविर में आए और शिविर में रेडियोलाजिस्ट डॉ गोविंद सिंह कुशवाह ने सभी बुजुर्गो का एक्सरे कर बताया कि बुजुर्गो की उम्र 60 साल है या 60 साल से ऊपर, एक्सरे के माध्यम से उनकी वास्तविक उम्र का आंकलन किया। अब बुजुर्ग आधार कार्ड एवं अन्य सर्टिफिकेट में अपनी वास्तविक उम्र दर्ज कर सकेंगे।

## माखननगर से बकतरा मार्ग 20 जनवरी से 12 मार्च तक बंद रहेगा

नर्मदापुरम (निप्र) । उप पुलिस अधीक्षक यातायात नर्मदापुरम ने बताया कि ग्राम नांदनेर से नसीराबाद ढाना मार्ग पर निर्मित नर्मदा नदी पर वृहद जलमग्नीय पुल की विशेष मरम्मत हेतु माखननगर से बकतरा तक यातायात मार्ग 20 जनवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक बंद रहेगा। उक्त पुल विशेष मरम्मत का कार्य कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण, सेतु निर्माण विभाग द्वारा 1 माह 20 दिन में कर लिया जाएगा। माखननगर से बकतरा मार्ग बंद होने से इस अवधि में लोग परिवर्तित मार्ग माखन नगर से परिवर्तित होकर माखननगर-ऑचलखेडा-जासलपुर-शाहगंज-डोबी होकर जोंतला-बकतरा जोड़ से आना जाना कर सकेंगे। उप पुलिस अधीक्षक यातायात नर्मदापुरम ने थाना प्रभारी माखन नगर को निर्देश दिए है कि मार्ग परिवर्तित कराने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस कार्य हेतु उक्त निर्माण ऐजेंसी के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर निर्माण कंपनी के कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए एवं परिवर्तित मार्ग के संबंध में प्रचार प्रसार भी सुनिश्चित किया जाए।


**कार्यालय सहायक संचालक उद्यान सिलारी ( पिपरिया ),जिला-नर्मदापुरम ( म.प्र. )**

E-Mail - horti.silari@mp.gov.in दूरभाष 07576-220109

क्र./उद्यान/तक./नीलामी/2024-25/643 सिलारी, दिनांक 14-01-25

**नीलामी सूचना**

इस कार्यालय के अधीन शासकीय उद्यान सिलारी के चीकू फलबहार वर्ष 2024-25 की नीलामी हेतु सीलबंद निविदाए दिनांक 04.02.2025 दिन मंगलवार को प्रात: 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं उसी दिन दोपहर 02:00 बजे उपस्थित व्यापारियों के समक्ष खोली जावेगी। सीलबंद निविदाओं में पर्याप्त राशि न आने पर उसी दिन खुली बोली से नीलामी की जावेगी।

**फलबहार का उद्यानवाद विवरण निम्नानुसार है।**

| क्र. | उद्यान का नाम | धरोहर राशि | फलबहार | कुल पौधो की संख्या | फलित पौधो की संख्या | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सिलारी उद्यान | 20,000/- | चीकू | 344 | 184 | कालीपत्ती, क्रिकेटबाल |

नीलामी की शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिये सहायक संचालक उद्यान सिलारी के कार्यालयीन समय में दूरभाष नम्बर 07576-220109 पर सम्पर्क करें।

जी/21750/24

**सहायक संचालक उद्यान सिलारी ( पिपरिया )**

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय

सत्यमेव जयते

# नयी दिशा की ओर ग्रामीण विकास



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# स्वामित्व योजना

अंतर्गत

## 15.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण एवं लाभार्थियों के साथ संवाद

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

एवं

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

द्वारा

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

18 जनवरी, 2025 | दोपहर 12:30 बजे | सिवनी, मध्यप्रदेश

- स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 25 सितम्बर 2018 के पूर्व से रहने वाले व्यक्तियों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करती है।
- योजना से ग्रामीण आबादी को बैंक ऋण प्राप्त करने एवं संपत्ति का विक्रय करने में मिल रही सहायता से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।



- सभी जिलों का ड्रोन सर्वेक्षण कार्य एवं 12 जिले- भोपाल, हरदा, डिंडौरी, सीहोर, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर एवं श्योपुर में भू-अधिकार पत्र वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- प्रदेश में अब तक 39.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है।

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11161/24

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025